

दैनिक

सीहोर जिले का प्रथम दैनिक

K ✌ K

RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-22 अंक-66 | सीहोर, शुक्रवार 25 अप्रैल 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


# अब आतंकियों की बची-खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है : पीएम मोदी

## मधुबनी की रैली में लगे- पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे



मधुबनी (ए.)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मधुबनी जिले के झंझारपुर में अपनी पहली सार्वजनिक रैली को संबोधित किया। पीएम मोदी के मंच पर आते ही रैली स्थल पर मौजूद लोगों ने जोरदार नारों से आतंकवाद के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर कर 'पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए।पीएम मोदी ने रैली की शुरुआत से पहले पहलगाम में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए सभी लोगों से दो मिनट का मौन रखने की अपील की। उन्होंने कहा, "यह हमला केवल हमारे निहत्थे पर्यटकों पर नहीं था, बल्कि यह भारत की आत्मा पर हुआ दुस्साहसी वार था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "जिन्होंने यह हमला किया है, उन्हें उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। अब आतंकियों की बची-खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है।"इस दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी आतंकी घटना की तीखी आलोचना की और मृतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश ने कहा, हम पहलगाम हमले की निंदा करते हैं, पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुट है। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस कार्यक्रम में भाग लेकर मधुबनी में विकास कार्यों का शुभारंभ किया। सीएम नीतीश कुमार भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। पहलगाम आतंकी हमले के कारण कार्यक्रम को सदागी से मनाया गया है। इस दौरान प्रधानमंत्री सहित किसी भी गेस्ट का स्वागत और सम्मान नहीं किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने मधुबनी में करीब 13,500 करोड़ की लागत वाली कई बुनियादी और कल्याणकारी परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने सबसे पहले पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। इतना ही नहीं रैली में आए हजारों लोगों से कुछ पल का मौन रखने कहा। पीएम मोदी ने कहा, मैं अपनी बात प्रारंभ करने से पहले आपसे प्रार्थना करना चाहता हूं कि आप जहां हैं, वहीं पर बैठकर 22 तारीख को जिन परिवार जनों को हमने खोया है, उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए कुछ पल मौन रखें।



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए इंदौर निवासी सुशील नथानियल के पार्थिव शरीर को इंदौर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी.

## सीमा पर तनाव बढ़ा : पाकिस्तान ने किया मिसाइल टेस्ट करने का एलान, अलर्ट पर सुरक्षा एजेंसियां



नई दिल्ली (आरएनएस) जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 नागरिकों की मौत के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। अब भारत की प्रतिक्रिया के 24 घंटे के भीतर पाकिस्तान ने सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल का परीक्षण करने की घोषणा कर दी है। इस कदम के बाद दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ गया है।

सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान ने 24-25 अप्रैल के बीच कराची तट के पास अपने विशेष आर्थिक क्षेत्र में मिसाइल परीक्षण की अधिसूचना जारी की है। भारतीय सुरक्षा एजेंसियां इस पूरे घटनाक्रम पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं।रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यह परीक्षण महज तकनीकी नहीं, बल्कि रणनीतिक संदेश भी है, खासकर ऐसे समय में जब भारत और पाकिस्तान के बीच रिश्ते पहले से ही बेहद तनावपूर्ण हैं।

## पहलगाम अटैक के बाद उधमपुर में आतंकियों से मुठभेड़, एक जवान शहीद; सर्च ऑपरेशन जारी



उधमपुर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियों के खिलाफ सुरक्षा बलों का अभियान तेज हो गया है। गुरुवार को उधमपुर जिले के बसंतगढ़ इलाके में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई, जिसमें सेना का एक जवान शहीद हो गया है।मिली खुफिया जानकारी के आधार पर जम्मू-कश्मीर पुलिस और सेना ने संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया। यह मुठभेड़ डूडू क्षेत्र में चल रही है, जहां दोनों ओर से भारी गोलीबारी हो रही है और सुरक्षाबलों ने आतंकियों को चारों ओर से घेर लिया है। ऑपरेशन फिलहाल जारी है। गौरतलब है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद से जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों की सक्रियता बढ़ गई है। बीते 24 घंटे में यह तीसरी बड़ी मुठभेड़ है। इससे पहले, कुलगाम और बारामूला में भी सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई थी।

## पीएम मोदी को एक्शन के लिए मिला विपक्ष का फुल सपोर्ट, सबकी डिमांड-आतंकियों का काम तमाम हो



नई दिल्ली (ए.)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई. सभी दलों के नेताओं को अब तक के घटनाक्रम की जानकारी दी गई. कांग्रेस-टीएमसी समेत सभी दलों ने एकजुट होकर पीएम मोदी को फुल सपोर्ट दिया. राहुल गांधी समेत सभी नेताओं ने कहा, जो लोग भी इसके लिए दोषी हैं, सरकार उनके खिलाफ कार्रवाई करे. हम हमेशा साथ खड़े हैं.सर्वदलीय बैठक संसद परिसर में शाम 6 बजे शुरू हुई और करीब दो घंटे तक चली. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें गृहमंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, और बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा मौजूद थे. विपक्ष की ओर से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, तृणमूल कांग्रेस के सुदिप बंद्योपाध्याय, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार की सुप्रिया सुले, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रफुल्ल पटेल, असदुद्दीन ओवैसी, आप के संजय सिंह और सपा के रामगोपाल यादव सहित कई नेता शामिल हुए.

**राहुल गांधी ने क्या कहा**

सभी दलों ने एक स्वर में हमले की कड़ी निंदा की और आतंकी ठिकानों को नष्ट करने के लिए निर्णायक कार्रवाई की मांग की. नेताओं ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ देश को एकजुट होकर लड़ना होगा. राहुल गांधी ने कहा, सभी ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की. आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में पूरा देश एकजुट है. विपक्ष सरकार के हर कदम के साथ है. मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, इस हादसे में बहुत से निर्दोष लोग मारे गए हैं। हम सभी ने मिलकर कहा है कि देशहित में सरकार जो भी एक्शन लेगी हम सब एक हैं और हम उन्हें सपोर्ट करेंगे. असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, केंद्र सरकार उस देश के खिलाफ कार्रवाई कर सकती है जो आतंकी समूहों को पनाह देता है. अंतरराष्ट्रीय कानून हमें पाकिस्तान के खिलाफ आत्मरक्षा में हवाई और नौसैनिक नाकेबंदी करने और हथियारों की बिक्री पर पाकिस्तान पर प्रतिबंध लगाने की भी अनुमति देता है.

## युवा कुंभ आयोजित कराएं : सीएम डॉ. यादव

### साल में एक बार वरिष्ठ वैज्ञानिकों को बुलाएं, विज्ञान के विद्यार्थियों से कराएं उनका संवाद



भोपाल ( निप्र) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि युवा शक्ति को मार्गदर्शन देने के लिए प्रदेश के युवाओं का कुंभ कराया जाए। इसे ज्ञान महाकुंभ नाम दिया जाए। उन्होंने कहा कि वर्ष में कम से कम एक बार महाविद्यालयों में बड़े वैज्ञानिकों को आमंत्रित किया जाए और विद्यार्थियों के साथ उनका जीवंत संवाद एवं समूह चर्चा आयोजित की जाए। इससे युवाओं के विज्ञान और तकनीक संबंधी ज्ञान में वृद्धि होगी। युवाओं में सामान्य ज्ञान बढ़ाने के लिए प्रदेश के हर संभाग में सामान्य ज्ञान की प्रतियोगिता कराएं। इससे हमारे युवा देश-दुनिया में हो रहे नवाचारों और नई जानकारियों से अवगत होते रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी महाविद्यालयों की स्टेट लेवल पर ग्रेडिंग कराई जाए और तीन श्रेणियों में क्रमशः सर्वश्रेष्ठ महाविद्यालय, सर्वश्रेष्ठ प्राचार्य एवं सर्वश्रेष्ठ शिक्षक के रूप में पुरस्कृत करने की परम्परा भी प्रारंभ करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

## छत्तीसगढ़ में निर्णायक जंगः 5 हजार सुरक्षाबलों ने 300 नक्सलियों को घेरा

सुकमा (ए.)। छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र बॉर्डर पर नक्सलियों के खिलाफ एक बड़ा और निर्णायक ऑपरेशन जारी है। बीते 16 घंटों से चल रही इस कार्रवाई में सुरक्षाबलों ने 300 से अधिक नक्सलियों को करेंगट्टा, नडपल्ली और पुजारी कांकेर की पहाड़ियों पर घेर लिया है। इस ऑपरेशन में हिड़मा, देवा और दामोदर जैसे कुख्यात नक्सली कमांडर सुरक्षाबलों के निशाने पर हैं। करीब 5,000 जवान ऑपरेशन में लगे हुए हैं और लगातार फायरिंग जारी है। सुरक्षाबलों ने अब तक पांच नक्सलियों को मार गिराया है।बीजापुर जिले से मिली जानकारी के अनुसार, नक्सलियों ने इलाके में 100 से ज्यादा IED बिछाए हैं। सुरक्षाबलों की ओर से पहले डी-माइनिंग की कार्रवाई की जा रही है। करेंगट्टा की पहाड़ियों पर ड्रोन और सेटेलाइट के माध्यम से लगातार निगरानी रखी जा रही है।

## सीडब्ल्यूसी बैठक में पहलगाम हमले की निंदा, सुरक्षा चूक की हो जांच

### आतंकियों ने भावनाएं भड़काने जान-बूझकर हिंदुओं को निशाना बनाया

नई दिल्ली,(ए.)। दिल्ली में कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की गुरुवार को बैठक हुई। बैठक में पहले सीडब्ल्यूसी ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की गई, जिसमें 28 पर्यटकों की मौत हो गई थी। बैठक में इस कायरतापूर्ण हमले के खिलाफ शांति और एकजुटता की अपील की गई। सुरक्षा चूकों की जांच और अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा तय करने की मांग उठाई गई। बैठक में पारित प्रस्ताव के बारे




में कांग्रेस ने बताया। कांग्रेस कार्य समिति 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भयावह आतंकी हमले पर गहरा शोक और कड़ी निंदा व्यक्त करती है। इस आतंकी हमले में 28 निर्दोष पर्यटकों की जान चली गई और 20 से ज्यादा गंभीर रूप से घायल हैं। बैठक में शोक संतृप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट की गई। यह कायराना और सुनियोजित आतंकी हमला, जिसकी साजिश पाकिस्तान में रची गई, हमारे गणराज्य के मूल्यों पर सीधा हमला है। हिंदू नागरिकों को जानबूझकर निशाना बनाना। पूरे देश में भावनाएं भड़काने की एक सोची-समझी साजिश थी।हम इस गंभीर उकसावे के बावजूद शांति बनाए रखने की अपील करते हैं और संकट की इस घड़ी में हमारी सामूहिक शक्ति को दोहराते हैं।

## पहलगाम आतंकी हमले को लेकर राजधानी में उबाल, मुस्लिमो ने की पाकिस्तान पर हमले की मांग

### -मुस्लिम उलेमाओ ने कहा-यह हमला निर्दोषों पर नहीं सारी इंसानियत पर है, सख्त कार्यवाही होनी चाहिये

भोपाल(ए.)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर देश के कई शहरो समेट राजधानी भोपाल के लोगो में भी आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। राजधानी में लगातार विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं। भोपाल में मुस्लिम समाज के लोगों ने कहा कि अब मीटिंग करने की जरूरत करने और पानी पर रोक लगाने की जरूरत नहीं है। पूरे देश का मुसलमान बॉर्डर पर जाकर लड़ने को तैयार है, और 10 मिनट में पाकिस्तान को फतेह कर भारत में मिला देंगे। हमारी नस्ल शहादत वाली है, हम बॉर्डर पर जाकर शहादत देने के लिए तैयार है। जितनी पाकिस्तान के पूरे मुल्क की आबादी है, उतनी तो हमारी तीनों सेनाएं हैं। भोपाल के इतवारा चौराहे पर ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी और संयुक्त मोर्चा मप्र के सदस्यों ने आतंकवाद का पुतला दहन करने के साथ ही पाकिस्तान और आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाये गये। संयुक्त मोर्चा मप्र के अध्यक्ष शमशुल हसन बल्ली ने कहा, बार-बार पाकिस्तान की तरफ से हमले किए जाते हैं। फिर क्या मजबूरी है, इतने सशक्त प्रधानमंत्री और ताकतवर सेनाएं होने के बावजूद जवाब नहीं दिया जा रहा। सवाल ये है कि हमारे पास तीनों ताकतवर सेनाएं हैं। इसके बावजूद हमला न करना, पाकिस्तान को नेस्तनाबूद न करना ये विचारणीय प्रश्न है। हम चाहते हैं कि अगर हम नाश्ता दिल्ली में करें तो, खाना हमें लाहौर में खाना चाहिए। वहीं भोपाल स्थित मसाजिद कमेटी के अंतर्गत आने वाले दारुल क़ज़ा और




दारुल इफ्ता ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह घटना पूरी मानवता को शर्मसार करने वाली है। उन्होंने मुस्लिम समाज की ओर से शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री से मांग की कि हमले में शामिल आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ऑल इंडिया उलेमा बोर्ड के अध्यक्ष काजी सैयद अनस अली ने कहा, "जिसने किसी निर्दोष की जान ली या ज़मीन पर फ़साद फैलाया, उसने पूरी इंसानियत का कत्ल किया।" उन्होंने आतंकवादी संगठनों और पाकिस्तान की निंदा करते हुए भारत सरकार से पाकिस्तान के खिलाफ पूर्ण बहिष्कार की मांग की है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आतंकवाद का इस्लाम से कोई संबंध नहीं है। मध्यप्रदेश सर्वधर्म सद्भावना मंच के सचिव हाजी मोहम्मद इमरान ने भी घटना की निंदा करते हुए कहा कि यह हमला केवल निर्दोष नागरिकों पर नहीं, बल्कि पूरी मानवता पर हमला है। उन्होंने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि भारत सरकार को इस हमले के पीछे जिम्मेदार आतंकवादियों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।वक्फ बोर्ड के विरोध में 5 अप्रैल को प्रस्तावित धरना स्थगित कर दिया गया है। आयोजन शाहरुख पठान ने जानकारी देते हुए बताया कि यह निर्णय ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के निर्देशानुसार लिया गया है। उन्होंने कहा कि बोर्ड के मार्गदर्शन को ध्यान में रखते हुए हमने धरना रद्द करने का फैसला किया है। इसके साथ ही, शाहरुख पठान ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा, यह घटना कायरता की निशानी है।







# एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव में होगा टेक निवेशकों के लिए निवेश का सुनहरा अवसर : सीएम डॉ.यादव

## ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर इंदौर में 27 अप्रैल को होगा भव्य आयोजन,जुटेंगे देश-दुनिया के टेक-दिग्गज

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025 देश-दुनिया के टेक दिग्गजों के लिए निवेश का स्वर्णिम अवसर होगा। राज्य का विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा इस कॉन्क्लेव का आयोजन 27 अप्रैल 2025 को इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में किया जा रहा है। यह आयोजन जीआईएस-भोपाल में आए निवेश प्रस्तावों को मूर्त रूप देने का महत्वपूर्ण प्रयास है। कॉन्क्लेव के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कॉन्क्लेव में शामिल अतिथि टेक-दिग्गजों और निवेशकों को प्रदेश के तकनीकी और डिजिटल नवाचार और उससे संबंधित आर्थिक दृष्टिकोण से परिचित कराएंगे। अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग श्री संजय दुबे ने बताया है कि कॉन्क्लेव राज्य सरकार का दृष्टिकोण समझाने के साथ ही इसके ठोस क्रियान्वयन का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देशन में 2 माह में ही कई परियोजनाओं का भूमि-पूजन और आईटी इकाइयों के लिए आवंटन पत्र जारी कर दिए हैं। कॉन्क्लेव में गूगल, माइक्रोसोफ्ट, एनवीडिया, सीमेन्स-ईडीए, एएनएसआर, थोलोन्स, योट्टा, सीटीआरएलएस डाटा सेंटर्स, रैकबैंक, नेटलिंक, इफोबीन्स, डेटा इंजीनियस



ग्लोबल, केन्स टेक्नोलॉजी, एचएलबीएस टेक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल), पंचशील रियल्टी, एंबर एंटरप्राइज़ेस, केदारा कैपिटल, बॉस्टन इंडिया, प्राइमस पार्टनर्स, वीएलएसआई सोसाइटी ऑफ इंडिया, और कर्नाटक डिजिटल इकोनॉमी मिशन (केडीईएम) समेत अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय टेक कंपनियों की भागीदारी होगी। साथ ही, मध्यप्रदेश की अग्रणी आईटी एवं स्टार्ट-अप कंपनियाँ जैसे इंपेटस टेक्नोलॉजीज, अपोइंटी और यश टेक्नोलॉजीज भी इस आयोजन में सम्मिलित होंगी।

इस कॉन्क्लेव में एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्टेन्डेड रियलिटी (एवीजीसी-एक्सआर) उद्योग पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस आयोजन में फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) एवीजी समिति, क्रेजी एनिमेसन्स स्टूडियो, पर्पल टर्टल,एबीएआई, कायरा एनिमेशन्स और सेंटर फॉर एंटरटेनमेंटआर्ट्स जैसी संस्थाएँ भी इस कॉन्क्लेव में हिस्सा लेंगी। इंदौर के भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन जैसे शैक्षणिक संस्थानों की सहभागिता से अकादमिक-उद्योग सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में 'नीतिगत घोषणाएं, एमपीएसईडीसी' कॉफी टेबल बुक का विमोचन और ग्लोबल कैपेसिटी सेंटर्स, सेमीकंडक्टर्स, कॉमिक्स और एक्टेन्डेड रियलिटी और ड्रोन्स से संबंधित नीति-निर्देश जारी किए जाएंगे। कॉन्क्लेव में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, इनक्यूबेशन हब, डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर नोड्स, नए आईटी पार्क, स्किल डेवेलपमेंट सेंटर, और स्टार्ट-अप इनक्यूबेटर का शिलान्यास किया जाएगा। सुबह सेक्टोरल राउंड-टेबल्स में जीसीसी, आईटी, आईटीईस, सेमीकंडक्टर्स, ड्रोन्स और एवीजीस-एक्सआर पर चर्चा होगीष इसमें उद्योग जगत और सरकारी अधिकारी रणनीतिक साझेदारी पर संवाद करेंगे।

# पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा संरक्षा पर दिया जा रहा विशेष ध्यान

## बीते वित्तीय वर्ष में रिकॉर्ड ट्रैक रिन्यूअल कार्य संपन्न हुए

भोपाल (निप्र)। रेलवे बोर्ड द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत चार सप्ताह में भारतीय रेलवे में संरक्षा से सम्बंधित चार जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। इसी कड़ी में महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के मार्गदर्शन में पश्चिम मध्य रेलवे में अधोसंरचना कार्यों के अलावा संरक्षा पर प्रमुखता से ध्यान देते हुए अनुरक्षण कार्यों के अंतर्गत ट्रैक पर विभिन्न रिन्यूअल कार्य किये जा रहे हैं। जिसमें संरक्षा के अंतर्गत इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा आपसी समन्वय से कार्य करते हुए ट्रैक अनुरक्षण क्षेत्र में नवीनीकरण कार्यों को निष्पादित किया जा रहा है। ट्रैक नवीनीकरण के इन कार्यों में सी.टी.आर. (कम्पलीट ट्रैक रिन्यूअल), टी.आर.आर. (थ्रू रेल रिन्यूअल), टी.एस.आर (थ्रू स्लीपर रिन्यूअल), टी.टी.आर (थ्रू टर्न आउट रिन्यूअल), डीप स्क्रीनिंग इत्यादि कार्य शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि ट्रैक नवीनीकरण से संबद्ध उक्त समस्त कार्य संरक्षा से जुड़े हुए कार्य हैं। पमरे द्वारा संरक्षा से जुड़े इन समस्त कार्यों को तीव्रता के साथ निष्पादित करने के परिणाम स्वरूप अनुरक्षण कार्यों से संरक्षा को मजबूती मिली है। बीते वित्तीय वर्ष 2024-25 में रेल एवं स्लीपर रिन्युअल, टर्न आउट एवं प्लेन ट्रैक डीप स्क्रीनिंग सम्पन्न हुए कार्य:-

-थ्रू रेल रिन्यूअल: ट्रैक नवीनीकरण में कुल 512 ट्रैक किलोमीटर का थ्रू रेल रिन्यूअल कार्य पूर्ण किया, जो लक्ष्य का 116 प्रतिशत है।

-थ्रू स्लीपर रिन्यूअल: कुल 392 ट्रैक किलोमीटर का थ्रू स्लीपर रिन्यूअल कार्य किया, जो लक्ष्य का 131 प्रतिशत है।

-कम्पलीट ट्रैक रिन्यूअल: कुल 452 यूनिट्स कम्पलीट ट्रैक रिन्यूअल का कार्य निष्पादित किया गया, जो लक्ष्य का 122 प्रतिशत है।

-प्लेन ट्रैक की डीप स्क्रीनिंग: कुल 709 ट्रैक किलोमीटर का प्लेन ट्रैक की डीप स्क्रीनिंग कार्य निष्पादित किया गया, जो लक्ष्य का 142 प्रतिशत है।

-टर्न आउट के डीप स्क्रीनिंग: कुल 568 यूनिट्स का टर्न आउट के डीप स्क्रीनिंग कार्य किया, जो लक्ष्य का 162 प्रतिशत है।

-थ्रू टर्न आउट: ट्रैक टर्न आउट नवीनीकरण कार्यों में कुल 536 यूनिट्स टर्नआउट कार्य किया, जो लक्ष्य का 116 प्रतिशत है।

उपरोक्त सभी कार्य ट्रैक तथा यात्री गाड़ियों की संरक्षा की गुणवत्ता में बढ़ोतरी सुनिश्चित करते है, एवं इसीप्रकार पश्चिम मध्य रेल अपने निर्धारित लक्ष्यों की ओर अग्रसर एवं संरक्षा से जुड़े कार्यों के प्रति कृत संकल्पित है।

# शासकीय डॉ. कैलाशनाथ काटजू चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का सफल आयोजन



भोपाल (आरएनएस)।शासकीय डॉ. कैलाशनाथ काटजू चिकित्सालय में समस्त चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ तथा कार्यालयीन कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सालय के अधिकारी, चिकित्सक एवं कर्मचारीगण ने उत्साहपूर्वक स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। काटजू चिकित्सालय की नोडल अधिकारी डॉ. रचना दुबे ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि चिकित्सालय में कई बार उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी कराई जाती है, जिसके लिए रक्त की निरंतर उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। डॉ. रचना दुबे ने कहा कि रक्तदान न केवल जरूरतमंद मरीज के जीवन के लिए संजीवनी है, बल्कि रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है क्योंकि इससे शरीर में नया रक्त बनने की प्रक्रिया सक्रिय होती है। उन्होंने रक्तदान शिविर के सफल आयोजन के लिए समस्त स्टाफको बधाई देते हुए भविष्य में भी इस प्रकार की सेवाभावी गतिविधियों में सहभागिता के लिए प्रेरित किया।

### साप्ताहिक बाजार के दिनों में बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का होगा निवारण

भोपाल (ए.)। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्य क्षेत्र में उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के लिए फीडर प्रबंधक एवं फीडर प्रभारी की नियुक्ति की गई है। प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने बताया कि प्रत्येक 11 के.व्ही. फीडर/फीडर समूह के लिए फीडर प्रबंधक एवं फीडर प्रभारी की नियुक्ति करने से एक ओर जहां उपभोक्ताओं की समस्याओं का आसानी से निराकरण होगा वहीं दूसरी ओर कंपनी को अधिक राजस्व वसूली में सफलता मिलेगी। उन्होंने बताया कि साप्ताहिक बाजार के दिनों में भी फीडर प्रबंधकों व फीडर प्रभारियों द्वारा उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया जाएगा, साथ ही राजस्व वसूली भी की जा सकेगी। इससे उपभोक्ता सेवाओं को और अधिक बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। फीडर प्रबंधकों व फीडर प्रभारियों द्वारा जिन उपभोक्ता सेवाओं का क्रियान्वयन किया जाना है उनमें निर्धारित समय पर उपभोक्ताओं के मीटर की सही रीडिंग दर्ज करवाना, विद्युत बिल का वितरण सुनिश्चित करना तथा बिल की राशि निर्धारित समयावधि में जमा करवाना शामिल है। इसके अलावा अमीटरीकृत कनेक्शनों पर मीटर लगाना, बन्द /खराब/जले मीटरों को निर्धारित समयावधि में बदलना, नवीन कनेक्शन देना एवं अवैध कनेक्शनों को वैध कराना आदि शामिल हैं।

# भेल परिसर में लगी आगजनी की सूचना पर मौके पर पहुंचे मंत्री श्री सारंग

## सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने और अग्नि दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के दिए निर्देश



भोपाल (ए.)। भोपाल के भेल परिसर स्थित गेट नंबर 9 के पास गुरुवार को वेस्ट मटेरियल में अचानक आग लगने की घटना की जानकारी मिलते ही सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायज़ा लिया। मंत्री श्री सारंग ने मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों, भेल प्रबंधन और फायर ब्रिगेड अधिकारियों के साथ आवश्यक चर्चा कर राहत एवं बचाव कार्य की समीक्षा की। उन्होंने फायर ब्रिगेड की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए आवश्यकता अनुसार आसपास के क्षेत्रों से भी अतिरिक्त फायर यूनिट्स बुलाने के निर्देश दिए। मंत्री श्री सारंग ने अधिकारियों से कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। उन्होंने विशेष रूप से भेल परिसर के हरियाली युक्त क्षेत्रों में सुरक्षा इंतज़ाम बढ़ाने पर बल दिया और निर्देशित किया कि इन क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण, कचरा प्रबंधन और सूखी घास/झाड़ियों की सफाई की उचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि भेल प्रशासन और जिला प्रशासन को समन्वय के साथ काम करते हुए उन भूमियों की सुरक्षा सुनिश्चित करें, जिनका वर्तमान में कोई उपयोग नहीं हो रहा है। मंत्री श्री सारंग ने यह भी कहा कि इन क्षेत्रों का समुचित रखरखाव हो और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस मौके पर सीआईएसएफ (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) की टीम के साथ भोपाल कलेक्टर, एसडीएम, एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे और राहत कार्यों की निगरानी में जुटे रहे।

### नरेला विधानसभा में अमृत 2.0 योजना से सीवेज नेटवर्क का होगा विस्तार

भोपाल (ए.)। सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सोमवार को नरेला विधानसभा क्षेत्र के सभी 17 वार्डों के अंतर्गत 'अमृत 2.0 योजना' के तहत प्रस्तावित निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान अधिकारियों ने जानकारी दी कि अमृत 2.0 योजना में नरेला क्षेत्र में लगभग 268 किलोमीटर लंबी सीवेज लाइन बिछाई जाएगी, जिससे 50 हजार से अधिक घरों को सीवेज सुविधा से जोड़ा जा सकेगा। मंत्री श्री सारंग ने निर्देश दिए कि कार्य प्रारंभ करने से पहले वार्डवार सर्वे कर, प्रत्येक घर, गली और नाली की सटीक मैपिंग की जाए, जिससे कार्ययोजना वैज्ञानिक ढंग से तैयार की जा सके। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि खुदाई कार्यों के दौरान नागरिकों को न्यूनतम असुविधा हो, प्रत्येक कॉलोनी में एक बार में अधिकतम 200 मीटर क्षेत्र में ही खुदाई की जाए। मंत्री श्री सारंग ने निर्देश दिए कि सर्वेक्षण के दौरान जीआई टैगिंग तकनीक का उपयोग किया जाए जिससे क्षेत्र का सटीक डिजिटल डेटा तैयार हो सके। उन्होंने एक विशेष मोबाइल एप्लीकेशन विकसित करने के निर्देश भी दिए, जिससे नागरिकों को कार्य की प्रगति की जानकारी सुलभ रूप से उपलब्ध हो सके और पारदर्शिता बनी रहे।



राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल की अध्यक्षता में पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन ( एप्को ) साधारण सभा की 13वीं बैठक आज राजभवन में सम्पन्न हुई।

# एम.पी. ट्रांसको के कार्मिकों ने सीखी जीवन रक्षक तकनीकें

भोपाल (ए.)। मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) एवं स्टेट डिजास्टर इमरजेंसी रिस्पॉन्स फोर्स (एस.डी.ई.आर.एफ.) के संयुक्त तत्वावधान में इंदौर के ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस उपसंभागों एवं सब स्टेशन कार्मिकों के लिए सी.पी.आर. एवं अन्य जीवन रक्षक तकनीकों पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला एम.पी. ट्रांसको के 400 के.वी. सब स्टेशन, इंदौर परिसर में आयोजित की गई। अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्रीमती नीलम खन्ना कार्यक्रम के उद्देश्य एवं इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस उपसंभाग इंदौर, 400 के.वी. सब स्टेशन संभाग इंदौर, परीक्षण एवं स्काडा संभाग इंदौर के लगभग 60 नियमित, संविदा, बाह्य सेवा प्रदाता एवं सुरक्षा कर्मियों ने भाग लिया।

कार्यशाला में सी.पी.आर. प्रशिक्षण के लिये मानव पुतले एवं वीडियो की सहायता से विस्तृत प्रशिक्षण



दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि प्रत्येक प्रतिभागी विशेषज्ञों की निगरानी में मानव पुतले पर सी.पी.आर. तकनीक का अभ्यास करें। साथ ही, शॉक लगने, श्वाँस नली में किसी वस्तु के फँसने, चोट लगने आदि आपात परिस्थितियों में प्राथमिक उपचार संबंधी जानकारी भी दी गई।

# संक्षिप्त समाचार

### निर्वाचन शाखा प्रभारी के घर चोरी की कोशिश

भोपाल (आरएनएस)। बैरसिया तहसील में रहने वाले निर्वाचन शाखा के प्रभारी मनोज शर्मा के घर चोरी का प्रयास हुआ। आंगन में खड़ी बाइक को चार बदमाशों ने चोरी करने की कोशिश की। फरियादी के ललकारने पर आरोपी भाग निकले। पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरों में कैद हुआ है। जानकारी के मुताबिक बुधवार रात पहली बार रात करीब 9:30 बजे और फिर 10:30 बजे, चोरों ने उनके घर के बाहर खड़ी दो बाइक चुराने की कोशिश की। हलचल और आहट सुनते ही मनोज शर्मा ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और बाहर निकलकर चोरों को ललकारा। तब आरोपी अपनी बाइक छोड़कर भाग निकले। इस बाइक के रजिस्ट्रेशन के आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। वहीं, सीसीटीवी फुटेज में चोरों के चेहरे कैद हुए हैं। आरोपियों की बाइक को फरियादी ने पुलिस के हवाले कर दिया है।

### अधूरी नल-जल योजनाओं को लेकर जिपं उपाध्यक्ष-सदस्य भूख हड़ताल पर बैठे

भोपाल (आरएनएस)। जिले में अधूरी नल-जल योजनाओं को लेकर गुरुवार को जिला पंचायत उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट, सदस्य विनय मेहर, चंद्रेश राजपूत, देवकुवर हाड़ा समेत सुरेश राजपूत, अनिल हाड़ा और विनोद राजोरिया जिला पंचायत परिसर में भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। जाट ने चार दिन पहले कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह को इसकी जानकारी दे दी थी। जनप्रतिनिधियों के प्रदर्शन से जिम्मेदार अफसरों की सांसें फूल गई हैं। बीती रात वे जनप्रतिनिधियों को मनाने में जुटे रहे। अधूरी योजनाओं के कारण गांवों की बड़ी आबादी गर्मी में पानी के लिए परेशान हो रही है। इसे लेकर जिला पंचायत की बैठक में मुद्दा भी उठ चुका है, पर पीएचई विभाग के जिम्मेदार नहीं जागे। इस कारण जिपं उपाध्यक्ष जाट ने कलेक्टर को पत्र लिखा था। जिसमें कहा था कि जिपं ऑफिस परिसर में ही 24 अप्रैल से भूख हड़ताल पर बैठूंगा। हालांकि, कलेक्टर को पत्र लिखते ही सीईओ ईला तिवारी ने नल-जल योजनाओं के बारे में 3 दिन में रिपोर्ट मांग ली थी। उन्होंने जनपद पंचायत फंदा एवं बैरसिया अंतर्गत स्वीकृत, हस्तांतरित, ट्रायलरन, प्रगतिरत नल-जल योजनाओं के निरीक्षण, जांच कराने के लिए टीमें बना दीं। इस टीम में पीएचई, जनपद के इंजीनियर, सचिव, रोजगार सहायक शामिल किए गए, जो जिला पंचायत के सभी सदस्य को अवगत कराते हुए निरीक्षण/जांच करेंगे। जिपं उपाध्यक्ष जाट ने कलेक्टर को पत्र लिखा कि 27 मार्च को साधारण सभा की बैठक हुई थी। इसमें जल जीवन मिशन योजना के तहत विभागीय अधिकारियों को 15 दिन में अधूरी नल-जल योजनाओं को पूरा करने को कहा गया था, लेकिन 23 अप्रैल का दिन भी बीत गया। बावजूद अब तक न तो कोई रिपोर्ट दी गई और न ही गांवों में पेयजल संकट खत्म हुआ है।

### किराना और मोबाइल शॉप में लगी आग

भोपाल(आरएनएस)। बागसेवनिया नई बस्ती में किराना और मोबाइल शॉप में आग लग गई। हादसा बीती रात 1:30 बजे हुआ है। आग का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। दोनों दुकानें बीजेपी नेत्री शोभा पांडे की हैं। इन दुकानों का संचालन उनका बेटा करता है। शोभा का आरोप है कि रहवासी और पुलिस जवान काफी देर तक आग पर काबू पाने का प्रयास करते रहे। मोहल्ले के लोगों ने पाइप से पानी डालकर आग को बुझाने का प्रयास किया। जब तक फायर ब्रिगेड आई, दुकानें जलकर खाक हो चुकी थीं। दमकलकर्मियों ने करीब आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया था। पुलिस आग के कारणों की जांच कर रही है। शोभा पांडे के मुताबिक नई बस्ती में किराना दुकान और मोबाइल-फोटो कॉपी की दुकान का संचालन करती हैं। रात को करीब 1:30 बजे मोहल्ले वालों ने आग लगने की सूचना दी। जब दुकान पर पहुंचे तो तेज लपटें उठ रही थीं। आस पास के लोग बाल्टी में पानी भरकर और नल से पानी डालकर आग को बुझाने के प्रयासों में जुट गए। लेकिन आग बढ़ चुकी थी, काबू में नहीं आई। पुलिस मौके पर पहुंच गई, जवानों ने रहवासियों के साथ मिलकर आग को बुझाने का प्रयास किया। लेकिन फायर ब्रिगेड करीब एक घंटे बाद मौके पर आई, तब तक दुकान का अधिकांश सामान जलकर खाक हो गया था। बचा हुआ सामान आग बुझाने के लिए जो पानी डाला गया उससे खराब हो गया।

### 27 अप्रैल को इंदौर में आईटी और 3 मई को मंदसौर में होगा एग्रीकल्चर कॉन्क्लेव : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के युवाओं की आत्मनिर्भरता और रोजगार के लिए राज्य सरकार सभी क्षेत्रों में कार्य कर रही है। उद्योगों में निवेश प्रोत्साहन के लिए आगामी 27 अप्रैल को इंदौर में आईटी इंडस्ट्री-कॉन्क्लेव और 3 मई को एग्रीकल्चर कॉन्क्लेव मंदसौर में आयोजित की जा रही है। मालवांचल सहित प्रदेश में कृषि और किसानों की समृद्धि के लिए कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं। उन्नत फसलों और पशुपालन से किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। राज्य सरकार किसानों को सोलर पंप प्रदान कर बिजली के बिल से बोझ से उन्हें मुक्त करने के लिए भी कार्य कर रही है। किसान खेती की नई तकनीक की जानकारी प्राप्त करें और नवाचारों से प्रेरणा लें, इस उद्देश्य से कृषि पर केन्द्रित कॉन्क्लेव आयोजित किया जा रहा है। राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने, खेती को लाभकारी बनाने की दिशा में हरसंभव प्रयास कर रही है। मध्यप्रदेश का किसान सम्पन्न होगा तो प्रदेश और देश भी समृद्ध होगा। राज्य सरकार युवा, महिला और किसान के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को मीडिया के लिए जारी संदेश में यह विचार व्यक्त किए।

### सौरभ शर्मा और शरद जायसवाल की जमानत याचिका खारिज

भोपाल(आरएनएस)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कोर्ट में गुरुवार को आरटीओ के पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा और उसके सहयोगी शरद जायसवाल की जमानत याचिका खारिज हो गई। मामले में सौरभ की कंपनी अविरल फिशरिस भी केस में पार्टी है। कोर्ट ने कंपनी की भी जमानत रिजेक्ट कर दी गई है। विशेष न्यायाधीश सचिन कुमार घोष की अदालत में इस जमानत याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। इस दौरान सौरभ शर्मा की मां और ईडी की टीम अदालत में मौजूद रहीं। सौरभ की ओर से एडवोकेट दीपेश जोशी और सौरभ के सहयोगी शरद जायसवाल की ओर से अधिवक्ता रजनीश बरैया ने सोमवार को जमानत याचिका दायर की थी। ईडी के वकील विक्रम सिंह ने सौरभ और शरद के कृत्य को गंभीर बताते हुए उनकी जमानत का विरोध किया था। वहीं, सौरभ के वकील दीपेश जोशी ने ईडी की कार्रवाई को काल्पनिक बताते हुए सभी आरोपों को गलत बताया और जमानत दिए जाने की मांग की थी। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने फैसला गुरुवार तक के लिए सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट में एडवोकेट दीपेश जोशी ने बताया कि मेरे मुवक्किल सौरभ शर्मा के खिलाफ ईडी के पास कोई सबूत नहीं है। दुबई का वीजा लेने के लिए उन्होंने दुबई की एक नामी कंस्ट्रक्शन कंपनी के ब्रोशर का इस्तेमाल किया था। इसी ब्रोशर के आधार पर सौरभ को 150 करोड़ रुपए के विला का मालिक बताया गया। जबकि विला कहां है और कौन-सा है, इस बारे में ईडी के पास कोई प्रमाण नहीं है।

# बच्ची से क्रूरता, पत्थर से कुचला, आंखें फोड़ीं, काटे कान; दुष्कर्म नहीं कर सके अधेड़ की दरिंदगी

छतरपुर/भोपाल (ए.)। छह साल की मासूम बच्ची के साथ 47 साल के अधेड़ ने दुष्कर्म का प्रयास किया। बच्ची के विरोध के कारण आरोपी इसमें कामयाब नहीं हो पाया। इसके बाद उसने बच्ची के साथ जो किया वह देखकर मासूम के परिवार, पुलिस और डॉक्टरों की भी रूह कांप गई। दरिंदे ने पत्थर से उसका चेहरा बुरी तरह कुचल दिया। इससे उसकी दोनों आंखें फूट गईं और नाक की हड्डी भी टूट गई। इतना ही नहीं आरोपी दरिंदा बच्ची के कान तक चबा गया। उसके सीने पर गंभीर चोट के निशान थे और प्राइवेट पार्ट से खून निकल रहा था। जानकारी लगने पर मां मौके पर पहुंची तो बच्ची खून में लतपथ पड़ी हुई थी, गंभीर हालत में उसे अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन, उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। आइए, अब विस्तार से जानते हैं, बच्ची के साथ हुई दरिंदगी की रूह कंपा देने वाली वारदात की कहानी...।



### टॉफी दिलाने के लिए ले गया था आरोपी

दरअसल, दरिंदगी की यह वारदात मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले की है। जिले के बड़ामलहारा थाना क्षेत्र के ग्रामीण इलाके में रहने वाली बच्ची मंगलवार दोपहर करीब डेढ़ बजे अपने घर के बाहर खेल रही थी। इस दौरान उसका चार साल का छोटा भाई भी वहां मौजूद था। दोनों आसपास के कुछ बच्चों के साथ खेल रहे थे। इस दौरान वहां 47 साल का बालकिशन यादव उर्फ मम्मा वहां आया और बच्चों को टॉफी दिलाने की बात कहकर अपने साथ ले गया। कुछ दूर दुकान से उसने बच्चों को टॉफी दिलाई और वापस आने लगा। रास्ते में बालकिशन एक अधबने घर के पास रुक गया, उसने छह साल की मासूम बच्ची को भी अपने पास रोका, और सभी बच्चों को वहां से भागा दिया। इसके बाद वह बच्ची के साथ अश्लील हरकत करने लगा। ऐसा करते हुए उसे बच्ची के भाई ने देख लिया, जिसके बाद वह घर की ओर भागा।

### खून से लतपथ पड़ी थी मासूम बच्ची

घर पहुंचकर बच्ची के भाई ने मां को घटना की जानकारी दी। इसके बाद मां अधबने घर की ओर भागी, उसे देखकर आरोपी मम्मा (बालकिशन यादव) वहां से भाग गया। परिजनों के अनुसार मम्मा के हाथ खून में सने हुए थे और बच्ची गंभीर हालत में खून से लतपथ जमीन पर पड़ी थी। उसके कपड़े फटे, चेहरा कुचला हुआ था। मां बच्ची को उठाकर गांव की ओर भागी तब तक अन्य लोगों को भी जानकारी लग गई, इससे भीड़ जुट गई।

मां ने घटना की जानकारी बच्ची के पिता की तो वह तुरंत मौके पर पहुंचे। सूचना पर एंबुलेंस और पुलिस भी मौके पर पहुंची, पिता एंबुलेंस में गंभीर हालत में बच्ची को लेकर अस्पताल के लिए रवाना हुए, लेकिन वह रास्ते में खराब हो गई। जिसके बाद उन्होंने बाइक पर लिफ्ट लेकर बच्ची को जिला अस्पताल पहुंचा।

## एक ही गांव में रहने वाले प्रेमी-प्रेमिका ने की आत्महत्या, एक साथ फांसी के फंदे पर झूले

टीमकगढ़ (ए.)। टीकमगढ़ जिले के बुढेरा पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले लार बंजारया गांव में गुरुवार की सुबह गांव के ही एक युवक और युवती की लाश पेड़ पर लटकती हुई मिली। सूचना मिलने पर बुढेरा पुलिस थाने के प्रभारी अंकित दुबे मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जांच की। अंकित दुबे ने बताया कि दोनों मृतक लार बंजारया गांव के रहने वाले हैं। दोनों ने गांव के स्कूल के पास स्थित एक महुआ के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या की है। केस दर्ज कर आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है। थाने के प्रभारी अंकित दुबे ने बताया लार बंजारया गांव में स्कूल के पास आदिवासी मोहल्ला है, जहां महुआ का पेड़ लगा हुआ है और उसी पर दोनों ने आत्महत्या की है। उन्होंने बताया कि मृतक दीपक की उम्र 19 साल और अनीता आदिवासी की उम्र 18 साल है। अभी इस बात का खुलासा नहीं हुआ है कि किस कारण से दोनों ने फांसी लगाई है।

## मंत्री बनने के बाद पहली बार बाबा महाकाल के दर्शन करने पहुंचीं केंद्रीय मंत्री खडसे, लगाया ध्यान



उज्जैन (ए.)। केंद्रीय युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने अपने उज्जैन प्रवास के दौरान श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुचकर श्री महाकालेश्वर भगवान के दर्शन किए। पूजन पुजारी अर्पित शर्मा व पुरोहित नवनीत शर्मा ने करवाया। खडसे द्वारा सभामंडप में श्री वीरभद्र भगवान का भी पूजन किया गया।

खडसे ने नंदी हॉल से बाबा महाकाल की पूजा अर्चना की, जिसके बाद ध्यान भी लगाया। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा उपप्रशासक एसएन सोनी व अभिषेक शर्मा ने खडसे का स्वागत-सत्कार किया। इस दौरान उज्जैन के प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, उज्जैन नगर पालिका निगम अध्यक्ष कलावती यादव, भाजपा नगर अध्यक्ष नरेश शर्मा आदि उपस्थित थे।

### मंत्री बनने के बाद पहली बार दर्शन करने आईं

बाबा महाकाल के दर्शन करने के बाद खडसे ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि वैसे तो मैं बाबा महाकाल के दर्शन करने प्रतिवर्ष मंदिर आती रहती हूं लेकिन इस बार में मंत्री बनने के बाद पहली बार बाबा महाकाल के दर्शन करने उज्जैन आई हूं। बाबा महाकाल की ऐसी ही कृपा सभी पर बनी रहे ऐसी मैने बाबा महाकाल से कामना की है।

## इंदौर भोपाल बाईपास पर चलती कार में लगी आग, कांच तोड़कर चालक को निकाला बाहर, बची जान



देवास (ए.)। मध्य प्रदेश के देवास जिले के इंदौर-भोपाल बायपास पर चलती एक कार में अचानक आग लग गई। आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। नगर निगम की फायर ब्रिगेड टीम समय पर मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

वहीं, इससे पहले कार में फंसे चालक को स्थानीय और राहगीरों ने कांच तोड़कर समय रहते बाहर निकाला लिया, इससे उसकी जान बच गई। घायल हुए चालक लक्ष्मीकांत को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।

घटना की जानकारी जैसे ही मिली एडिशनल एसपी जयवीर सिंह भदौरिया, थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। सुरक्षा की दृष्टि से बायपास पर ट्रैफिक रोक दिया गया, जिसके बाद आग बुझाने के प्रयास शुरू किए गए।

## मोबाइल एप्स के लिए नहीं है नियामक एजेंसी,एमपी हाईकोर्ट में याचिका,केन्द्र से मांगा जवाब



जबलपुर (ए.)। कंप्यूटर और मोबाइल एप की निगरानी के लिए नियामक एजेंसी का गठन किए जाने की मांग की गई है। इसके लिए एमपी हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। याचिका में कहा गया है कि नियामक एजेंसी नहीं होने के कारण धोखाधड़ी करने वाले कंप्यूटर व मोबाइल एप जनता तक सीधे पहुंच रहे हैं। इसकी वजह से साइबर क्राइम लगातार बढ़ रहे हैं।

### एप मांगते हैं कई तरह की जानकारी

याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत तथा जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिका पर अगली सुनवाई छह सप्ताह बाद निर्धारित की गयी है। जबलपुर निवासी अधिवक्ता अमिताभ गुप्ता की तरफ से दायर याचिका में कहा गया है कि कंप्यूटर व मोबाइल में मौजूद गूगल प्ले स्टोर और एपल स्टोर से डाउनलोड किए गए एप उपयोगकर्ता की सुरक्षा के लिए बेहद खतरनाक साबित हो रहे हैं। एप उपयोगकर्ता की जानकारियां कई कंपनियों को साझा करते हैं, जिससे साइबर ठगी की जाती है। कई एप ऐसे होते हैं जिनमें कॉन्टेक्ट या कैमरा का कोई उपयोग नहीं होता फिर भी इंस्टॉल करने के बाद ये सभी एप्लीकेशन की परमिशन मांगते हैं। इस तरह से मोबाइल ही डाटा चोरी करने का एक यंत्र चल रहा है। देश में डिजिटल क्रांति के साथ-साथ साइबर धोखाधड़ी की घटनाएं भी तेजी से बढ़ रही हैं।

### एप के लिए नियामक एजेंसी की मांग

आम नागरिकों की गोपनीय जानकारी, बैंकिंग विवरण और व्यक्तिगत डेटा चोरी हो जाते हैं। जनहित याचिका में कहा गया कि वर्तमान कानूनी ढांचा केवल तब सक्रिय होता है, जब किसी एप्लिकेशन के जरिए पहले ही नुकसान हो चुका होता है। अगर कोई एप नुकसान पहुंचाता है, तब संबंधित एजेंसियां उसकी जांच करती हैं और उसे प्रतिबंधित करती हैं। जनहित याचिका में मांग की गई है कि इसकी रोकथाम के लिए कड़े नियम बनाए जाएं। याचिका में कहा गया था कि नियामक एजेंसी नहीं होने के कारण धोखाधडी करने वाले एप जनता तक पहुंच रहे हैं। इससे बड़े पैमाने पर वित्तीय नुकसान, पहचान की चोरी तथा बड़े पैमाने पर गोपनीयता का उल्लंघन किया जा रहा है।

## आतंकी हमले पर भड़के प्रदीप मिश्रा, कहा- अब हर घर में शास्त्र नहीं, शस्त्र की जरुरत; बच्चों को चलाना सिखाएं



सीहोर (ए.)। कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को झंझोड़ने वाली घटना बताया। उन्होंने कहा- भारत की भूमि पर हिंदुओं की मौत कब तक होती रहेगी? पूछा जा रहा था- तू हिंदू है? और फिर गोली मारी जा रही थी। बंगाल में पूछा जा रहा है-तू हिंदू है? और घर से निकाल कर मारा जा रहा है। लोगों को धर्म के आधार पर निशाना बनाया जा रहा है।

पंडित प्रदीप मिश्रा ने आतंकी हमले पर अपना दुख बिहार के मधेपुर में कथा के दौरान बुधवार को प्रकट किया। उन्होंने कहा कि कभी बंगाल में हिंदू मारा जाता है, तो कभी कश्मीर की घाटी में कपड़े उतारकर देखा जाता है कि हिंदू है, और फिर गोली मार दी जाती है। करोगे क्या? कैंडल मार्च निकाल लोगे, पुतले जला लोगे, नारे लगा लोगे और फिर शांत होकर बैठ जाओगे? मेरा निवेदन है, सनातनियों, जाग जाओ, अब मौका है।

### अमित शाह शंकर का अवतार

पंडित मिश्रा ने कहा कि मैं निवेदन करूंगा गृहमंत्री अमित शाह से, जो इस कलियुग में शंकर के अवतार हैं। वे शांत भी रहते हैं, मौन भी रहते हैं और तांडव भी दिखाते हैं। भारत के गृहमंत्री शिव के अवतार हैं और मुझे पूरा भरोसा है कि उनकी मौनता, उनकी चुप्पी और बाद में उनका तांडव जरूर देखने को मिलेगा। मुझे विश्वास है कि इन आतंकियों का अंत होना चाहिए। उन्होंने न यह पूछा कि ब्राह्मण है, न यह कि क्षत्रिय है, न यह कि शूद्र है, उन्होंने बस यह पूछा कि यह हिंदू है और गोली मार दी।

### घर में शस्त्र होना जरूरी, बच्चों को चलाना सिखाएं

उन्होंने कहा कि तुम्हारे घर में शास्त्र है या नहीं, इसकी जरूरत नहीं है, लेकिन हर हिंदू के घर में शस्त्र होने चाहिए। और हर बेटे-बेटी समेत सभी सदस्यों को उन्हें चलाना आना चाहिए। उन्होंने तर्क दिया कि जब सनातन धर्म का कोई भी देवता बिना शस्त्र के नहीं है तो हिंदुओं के घर भी बिना शस्त्र के नहीं होने चाहिए। आवश्यकता पड़े तो उनका उपयोग भी करना चाहिए।

## व्यापार समाचार

## अब शरबत बनाना भी हुआ महंगा, नींबू 7 रुपए में बिक रहा

### पानी की कमी ने किसानों के स्थानीय कृषि को पूरी तरह से प्रभावित किया



बीड (ए.)। नींबू के उच्च दाम ने बीड शहर को अपने भार से दबा दिया है। इस समय बाजार में नींबू के दाम आसमान छू रहे हैं. कुछ महीने पहले 2 रुपये में मिलने वाला एक नींबू अब बीड शहर के कुछ हिस्सों में सीधे 7 रुपये तक बिक रहा हि। क हुई इस मूल्यवृद्धि से आम ग्राहक परेशान हैं। गर्मियों में जहां लोग नींबू के शरबत से राहत पाने की उम्मीद करते हैं, वहीं कुएं और बोरवेलों में पानी की कमी ने किसानों के पेड़ों को सूखने की संभावना बढ़ा दी है। इसके नतीजे में नींबू की आपूर्ति में कमी ने दामों को चौका दिया है। बीड जिले के कई किसानों ने इस साल उत्पादन में कमी की शिकायत की है, जिससे नींबू के मूल्य में अचानक वृद्धि हुई है। नक्कारापन या आलस्य नहीं, बल्कि पानी की कमी ने किसानों के स्थानीय कृषि को पूरी तरह से प्रभावित किया है। अब नींबू उपभोक्ता के लिए एक महंगा खेती का विकल्प बन चुका है, जिससे उन्हें अपनी गर्मियों की ठंडक के लिए महंगे किमीउंन के सामने खर्च करना पड़ रहा है। नींबू के उच्च दामों के साथ-साथ, छोटे व्यापारियों को भी इस असामान्य वृद्धि से प्रभावित होना पड़ रहा है। उच्च दामों के कारण, व्यापारी भी ग्राहकों को महंगे दामों पर नींबू उपलब्ध कराने में मुश्किलें झेल रहे हैं, जिससे उन्हें अपने व्यवसाय को चलाने में कठिनाई हो रही है। सभी इन तथ्यों को मध्यंतर में देखते हुए, सरकार को इस सामाजिक और आर्थिक संकट का संज्ञान लेकर हर संभावित प्रयास करने की आवश्यकता है। उचित नीतियों और योजनाओं के माध्यम से पानी की संभावित कमी को दूर करने और किसानों को उनके मेहनत का मुयायन करने में सरकार की मदद की जरूरत है।

## भूमिगत कोयला खनन में तेजी लाने के लिए सरकार ने उठाया बड़ा कदम; अग्रिम भुगतान माफ, छूट की भी पेशकश



नई दिल्ली (ए.)। भूमिगत कोयला ब्लॉकों के परिचालन में तेजी लाने के लिए सरकार ने गुरुवार को अग्रिम भुगतान माफ करने जैसे नए प्रोत्साहनों की घोषणा की। भूमिगत कोयला खनन को बढ़ावा देने से जुड़ा यह कदम देश के टिकाऊ कोयला उत्पादन अभियान के तहत उठाया गया है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, "भारत के कोयला क्षेत्र को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक निर्णायक कदम उठाते हुए, कोयला मंत्रालय ने भूमिगत कोयला खनन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई परिवर्तनकारी नीतिगत उपाय शुरू किए हैं।" ये सुधार उच्च पूंजी निवेश और लंबी निर्माण अवधि की चुनौतियों का समाधान करते हैं।

बयान में कहा गया है, "भूमिगत कोयला खदानों के लिए राजस्व हिस्सेदारी का न्यूनतम प्रतिशत चार प्रतिशत से घटाकर दो प्रतिशत कर दिया गया है। इस लक्षित कटौती से पर्याप्त राजकोषीय राहत मिलेगी और भूमिगत परियोजनाओं की वित्तीय व्यवहार्यता बढ़ेगी।"

भूमिगत खनन उपक्रमों के लिए अनिवार्य अग्रिम भुगतान की आवश्यकता को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है। यह उपाय वित्तीय अवरोध को दूर करता है, निजी क्षेत्र से व्यापक भागीदारी को प्रोत्साहित करता है और परियोजना के तेजी से क्रियान्वयन की सुविधा प्रदान करता है।

# सोने ने फिर दिखाई चमक, चांदी हुई सस्ती

## >>> सोने का भाव 95,850 रुपए, चांदी 95,450 रुपए के करीब

नई दिल्ली (ईएमएस)। सोने के भाव बुधवार को बड़ी गिरावट के बाद गुरुवार को सुधर गए। चांदी के भाव में भी नरमी देखने को मिल रही है। घरेलू बाजार में गुरुवार को सोने के भाव 95,850 रुपये, जबकि चांदी के भाव 95,450 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। सोने के भाव मंगलवार को ग्लोबल मार्केट में 3,509.90 डॉलर के नए रिकॉर्ड पर पहुंच थे, घरेलू बाजार में भी सोने के वायदा भाव ने 99,358 रुपये का नया हाई बनाया था। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रेक्ट 858 रुपये की तेजी के साथ 95,580 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 94,722 रुपये था। इस समय यह 1,137 रुपये की तेजी के साथ 95,859 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 96,188 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 95,580 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने मंगलवार को 99,358 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई कॉन्ट्रेक्ट 348 रुपये की नरमी के साथ 95,451 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 95,799 रुपये था। इस समय यह 333 रुपये की गिरावट के साथ 95,466 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 95,685 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 95,450 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। चांदी के वायदा भाव ने इस साल 1,01,999 रुपये किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। वै?श्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 3,301.80 डॉलर प्रति औंस पर खुला। पिछला बंद भाव 3,294.10 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 41.40 डॉलर की तेजी के साथ 3,335.50 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव ने मंगलवार को 3,509.90 डॉलर के ऑल टाइम हाई पर थे। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 33.56 डॉलर पर खुले, पिछला बंद भाव 33.54 डॉलर था।




## आरबीआई ने 10 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को बैंक में खाता खोलने दी पर मिशन

### >>> इंटरनेट बैंकिंग, एटीएम/डेबिट कार्ड आदि बैंकिंग सुविधाएं भी मिलेगी




नई दिल्ली (ए.)। भारती रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों को 10 वर्ष से अधिक आयु के नाबालिगों को स्वतंत्र रूप से बचत/सावधि जमा खाते खोलने और संचालित करने की अनुमति दी। भारतीय रिजर्व बैंक ने नाबालिगों के जमा खाते खोलने और संचालन के संबंध में संशोधित निर्देश जारी किए हैं। आरबीआई ने वाणिज्यिक बैंकों और सहकारी बैंकों को संबोधित एक परिपत्र में कहा कि किसी भी उम्र के नाबालिगों को अपने प्राकृतिक या कानूनी अभिभावक के माध्यम से बचत और सावधि जमा खाते खोलने और संचालित करने की अनुमति दी जा सकती है। 10 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को अपनी मां को अभिभावक बनाकर ऐसे खाते खोलने की भी अनुमति दी जा सकती है। परिपत्र में कहा गया है- जिन नाबालिगों की आयु सीमा 10 वर्ष से कम नहीं है और बैंकों द्वारा उनकी जोखिम प्रबंधन नीति को ध्यान में रखते हुए निर्धारित की गई राशि और शर्तों तक, उन्हें स्वतंत्र रूप से बचत/सावधि जमा खाते खोलने और संचालित करने की अनुमति दी जा सकती है, यदि वे ऐसा करना चाहते हैं, और ऐसी शर्तों को खाताधारक को विधिवत रूप से सूचित किया जाना चाहिए। इसके अलावा, वयस्क होने पर खाताधारक के नए संचालन निर्देश और नमूना हस्ताक्षर प्राप्त किए जाने चाहिए और उन्हें रिकॉर्ड में रखा जाना चाहिए। परिपत्र में कहा गया- बैंक अपनी जोखिम प्रबंधन नीति, उत्पाद उपयुक्तता और ग्राहक उपयुक्तता के आधार पर नाबालिग खाताधारकों को इंटरनेट बैंकिंग, एटीएम/डेबिट कार्ड, चेक बुक सुविधा आदि जैसी अतिरिक्त बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करने के लिए स्वतंत्र हैं। बैंकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि नाबालिगों के खाते, चाहे वे स्वतंत्र रूप से या अभिभावक के माध्यम से संचालित हों, से अधिक निकासी की अनुमति नहीं दी जाए और ये हमेशा क्रेडिट बैलेंस में रहें।



## रुपया बढ़त पर बंद

मुंबई (ए.)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को रुपया 15 पैसे की बढ़त के साथ ही 85.30 पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी विदेशी मुद्रा बाजार में आज सुबह शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 22 पैसे टूटकर 85.67 पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने से बाजार की धारणा प्रभावित हुई। वैश्विक मोर्चे पर अमेरिकी डॉलर सूचकांक अपने हाल के निचले स्तर 97.92 से बढ़कर 99.94 पर पहुंच गया। इसका कारण अमेरिका और चीन के बीच तनाव कम होने के संकेत हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.60 पर खुला और बाद में 85.67 पर आ गया। यह पिछले बंद भाव 85.45 रुपये के मुकाबले 22 पैसे की गिरावट है। बुधवार को रुपया 26 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.45 पर बंद हुआ था।

## शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

### सेंसेक्स 315 अंक, निफ्टी 82.25 अंक नीचे आया



मुम्बई (ए.)। भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट वैश्विक बाजारों से मिले-जुले संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। इससे बाजार में पिछले सात दिन से जारी तेजी रुक गई। आज कारोबार के दौरान हिंदुस्तान यूनिलीवर और अन्य एफएमसीजी शेयरों के अलावा आईसीआईसीआई बैंक और भारती एयरटेल के शेयरों में गिरावट से भी बाजार नीचे आया। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में 315.06 अंक करीब 0.39 फीसदी नीचे आकर 79,801.43 अंक पर बंद हुआ।

वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) का निफ़्टी भी अंत में 82.25 तकरीबन 0.34 फीसदी की गिरावट के साथ ही 24,246.70 अंक पर बंद हुआ।

## पहलगाम आतंकी हमले पर भारत के जवाब से पाकिस्तानी निवेशकों की नींद उड़ी, जानें क्या हुआ बाजार का हाल

नई दिल्ली (ए.)। पहलगाम में मासूम लोगों की नृशंस हत्या करने वाले आतंकियों को पनाह देने वाले पाकिस्तान के लिए यह हमला नासूर बन सकता है। हमले जवाब में भारत की प्रतिक्रिया का सीधा चोट पाकिस्तान के शेयर बाजार पर पड़ा है। भारत सरकार की ओर से सख्त कूटनीतिक फैसले लिए जाने के बाद पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज में गुरुवार को भारी गिरावट आई। भारत की ओर से करारा जवाब मिलने की आशंका बढ़ने से पाकिस्तानी निवेशक सहम गए, जिससे बाजार का प्रमुख सूचकांक केएसई-100 इंडेक्स (कराची स्टॉक एक्सचेंज) 2.12त्न तक फिसल गया। इस दौरान, भू-राजनीतिक तनाव और आईएमएफ की ओर से पाकिस्तान के लिए विकास पूर्वानुमान घटाए जाने के बावजूद भारतीय बाजार में लचीलापन दिखा।

### कराची स्टॉक एक्सचेंज में दिखी गिरावट

पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद भारत की ओर से आतंकियों के पनाहगार देश पाकिस्तान पर कई सख्त कूटनीतिक उपाय लागू किए गए हैं। इसके बाद इसके बाद पाकिस्तानी शेयर बाजार धराशाई हो गया। भारत की प्रतिक्रिया के डर से निवेशकों के सहम जाने के बाद पाकिस्तानी बाजार का प्रमुख बेंचमार्क केएसई 100 (कराची स्टॉक एक्सचेंज) खुलने के बाद पहले पांच मिनट में ही 2.12त्न या 2,485.85 अंक गिरकर 114,740.29 पर आ गया।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## सबसे बड़ा बैंकिंग घोटाला

भगोड़े हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी को बेल्जियम में गिरफ्तार कर लिया गया। चोकसी और उसके भतीजे नीरव मोदी पर पंजाब नैशनल बैंक से तकरीबन साढ़े तेरह हजार करोड़ रुपयों के गबन का आरोप है।

मोदी अभी लंदन की जेल में है और भारत प्रत्यर्पित किए जाने के खिलाफ कानूनी जंग लड़ रहा है। इस घोटाले में उसकी पत्नी एमी और भाई निशाल भी मुख्य अभियुक्त हैं। चोकसी मुंबई की अदालत में हलफनामा दे कर भारत आने में अक्षमता जाहिर कर चुका है। वह कैंसर का मरीज है, जिसका इलाज बेल्जियम में चल रहा है। भारतीय एजेंसियां प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई के साथ मिल कर प्रत्यर्पण का प्रयास कर रही हैं।

बैंक ने 2018 में पहली बार मोदी, चोकसी और अन्य अधिकारियों के खिलाफ 280 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाया था। जांच के बाद यह देश का सबसे बड़ा बैंकिंग घोटाला निकला। इसमें बैंक अधिकारियों की मिलीभगत भी पाई गई। हालांकि मोदीकाल में होने वाले बैंक घोटालों में यह अकेला नहीं है। सरकारी दस्तावेज के अनुसार 2012-16 के दरम्यान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को बाइस हजार करोड़ रुपये से अधिक का चूना लगाया जा चुका है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के 429, आईसीआईसीआई के करीब 455, स्टैंडर्ड बैंक के 244 और एचडीएफसी बैंक के 237 के करीब धोखाधड़ी के मामले पकड़े जाने की पुष्टि हुई है। मोदी के इस घोटाले के बाद पीएनबी ने अपने बीस कर्मचारियों को निलंबित भी किया था। बैंकों के इस गोरखधंधे में बैंककर्मियों की मिली-भगत पकड़ी गई है। इसी दरम्यान देश से भाग चुके आर्थिक अपराधी विजय मल्या पर भी बैंकों को साढ़े नौ हजार करोड़ रुपये का चूना लगाने के खिलाफ चार्जशीट फाइल की गई थी।कहने में दोष नहीं है कि प्रत्यर्पण संधि के बावजूद कानूनी प्रक्रिया बेहद जटिल होती है, और आरोपियों को स्वदेश लाने में सालों लग जाते हैं। चोकसी का मामला भी अभी फेडरल पब्लिक जस्टिस और फॉरेन अफेयर्स की निगरानी में होगा। सरकार किस हद तक दोषी को वापस लाने की कवायद करती है, यह तो वक्त ही बताएगा। धोखाधड़ी के इस धन की वसूली और सजा देने में लगने वाले समय की चर्चा अभी बेमानी है क्योंकि सार्वजनिक बैंकों में इतने बड़े आर्थिक घोटालों में सरकार की भूमिका भी संदिग्ध ही पाई जाती रही है। भ्रष्टाचार पर प्रहार करने की बातें करने वाले सत्ताधारी दल को इसे चुनौती की तरह देखना चाहिए।




केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने नई दिल्ली में शून्य खसरा-रूबेला मामले अभियान 2025-26 का शुभारंभ किया.

# आतंकवाद से निपटना आज की आवशकता

**संजय गोस्वामी**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम के बैसरन में मंगलवार 22 अप्रैल, 2025 की दोपहर करीब तीन बजे बड़ा आतंकी हमला हुआ। आतंकियों ने पर्यटकों के ग्रुप को निशाना बनाया, जिसमें 30 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। दर्जन भर से ज्यादा लोग इस हमले में घायल भी हुए, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। आतंकियों को पकड़ने के लिए सुरक्षाबलों द्वारा सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। सीआरपीएफ (CRPF) की क्विक एक्शन टास्क फोर्स भी आतंकियों की तलाश कर रही है। इस बीच गृह मंत्री अमित शाह श्रीनगर का दौरा किया है जम्मू-कश्मीर में 2019 के पुलवामा अटैक के बाद सबसे बड़ा आतंकी हमला हुआ है। आतंकियों ने मंगलवार को पर्यटकों पर फायरिंग की, जिसमें 28 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक यूएई और एक नेपाल का पर्यटक और 2 स्थानीय नागरिक शामिल हैं। बाकी पर्यटक यूपी, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और ओडिशा के हैं।पहलगाम में एक दिन पहले हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर भारत ने सिंधु जल संधि को स्थगित रखने का फैसला किया है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बुधवार (23 अप्रैल, 2025) को प्रधानमंत्री आवास पर सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक के बाद यह घोषणा की। इस बीच, सरकार ने गुरुवार (24 अप्रैल, 2025) को सर्वदलीय बैठक बुलाई है।

मंगलवार (22 अप्रैल, 2025) दोपहर को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम के ऊपरी इलाकों में बैसरन घास के मैदानों में नागरिकों पर हुए सबसे घातक हमलों में से एक में आतंकवादियों के एक समूह ने दो विदेशी पर्यटकों सहित कम से कम 27 लोगों की हत्या कर दी।लेकिन सवाल यह है कि ऐसा कब तक करेंगे देश सर्वोपरि है सेना को पूर्ण रूप से छूट जब तक नहीं होगा लोग मारे जाते रहेंगे। इस क्रूरता की जितनी निंदा की जाए उतनी कम है क्योंकि आतंकवाद का कोई धर्म या कोई नियम कानून नहीं होता वो केवल अपनी माँगों को पूरा करने के लिये सरकार के ऊपर दबाव बनाने के साथ ही आतंक को हर जगह फैलाने के



लिये निर्दोष लोगों के समूह या समाज पर हमला करते हैं। उनकी माँगे बेहद खास होती हो, जो वो चाहते हैं केवल उसी को पूरा कराते हैं। ये मानव जाति के लिये एक बड़ा खतरा है। वो कभी-भी अपने दोस्त, परिवार, बच्चे, महिला या बूढ़े लोगों के लिये समझौता नहीं करते हैं। वो केवल लोगों की भीड़ पर बम गिराना चाहते हैं। वो लोगों पर गोलियाँ चलाते हैं, विमानों का अपहरण करते हैं और दूसरी आतंकी गतिविधियों को अंजाम देते हैं।कम से कम समय में अपने मुख्य क्षेत्रों या देशों में आतंक फैलाने के लिये आतंकवादी लक्ष्य बनाते हैं। पूर्व में, ऐसा माना जाता है कि आतंकवादी गतिविधियाँ केवल जम्मू और कश्मीर तक ही सीमित थी लेकिन अब ये अपनी जड़ें देश के दूसरे क्षेत्रों में भी फैला रहा है। देश में अलग-अलग नामों के साथ कई सारे आतंकवादी समूह सक्रिय हैं। अपने कार्य के अनुसार राजनीतिक और आपराधिक आतंकवाद के दो मुख्य प्रकार हैं। कुछ खास लक्ष्यों को पूरा करने के लिये प्रशिक्षित लोगों का समूह है आतंकवाद। विभिन्न उद्देश्यों को पूरा करने के लिये एक से ज्यादा आतंकी समूह प्रशिक्षित किये जाते हैं। ये एक बीमारी की तरह है जो नियमित तौर पर फैल रही है और अब इसके लिये कुछ असरदार उपचार की जरुरत है।आतंकवादी कहे जाने वाले प्रशिक्षित लोगों के समूह के द्वारा अन्यायपूर्ण और हिंसात्मक गतिविधियों को अंजाम देने की प्रक्रिया को आतंकवाद कहते हैं। वहाँ केवल एक मालिक होता है जो समूह को किसी भी खास कार्य को किसी भी तरीके से करने का सख्त आदेश देता है। अपने अन्यायी विचारों की पूर्ति के लिये उन्हें पैसा, ताकत और प्रचार की जरुरत होती है। ऐसी परिस्थिति में, ये मीडिया होती है जो किसी भी राष्ट्र के समाज में आतंकवाद के बारे में खबर फैलाने में वास्तव में मदद करती है। अपनी योजना, विचार और लक्ष्य के बारे में लोगों तक पहुँच बनाने के लिये आतंकवाद भी मीडिया का सहारा लेता है।अपने उद्देश्य और लक्ष्य के अनुसार विभिन्न आतंकी समूह का नाम पड़ता है। आतंकवाद की क्रिया मानव जाति को बड़े पैमाने पर प्रभावित करती है और लोगों को इतना डरा देती है कि लोग अपने घरों से बाहर निकलने में डरते हैं। वो सोचते हैं कि आतंक हर जगह है जैसे घर के बाहर रेलवे स्टेशन, मंदिर, सामाजिक कार्यक्रमों, राष्ट्रीय कार्यक्रमों आदि में जाने से घबराते हैं। लोगों के दिमाग पर राज करने के साथ ही अपने कुकृत्यों कों प्रचारित और प्रसारित करने के लिये अधिक जनसंख्या के खास क्षेत्रों के तहत आतंकवादी अपने आतंक को फैलाना चाहते हैं। आतंकवाद के कुछ हालिया उदाहरण 7 अक्टूबर को इजराइल में हमास का हमला,अमेरिका का 9/11 और भारत का 26/11 हमला है। इसने इंसानों के साथ ही बड़े पैमाने पर देश की अर्थव्यवस्था को भी चोट पहुँचायी है। युद्ध द्वारा किसी राष्ट्र से आतंकवाद और आतंक के प्रभाव को खत्म करने के लिये, सरकार के आदेश पर कड़ी सुरक्षा का प्रबंध किया गया है। वो सभी जगह जो किसी भी वजह से भीड़-भाड़ वाली जगह होती या बन जाती है जैसे सामाजिक कार्यक्रम, राष्ट्रीय कार्यक्रम जैसे गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस, मंदिर आदि को मजबूत सुरक्षा घेरे में रखा जाता है। सभी को सुरक्षा नियमों का पालन करता पड़ता है और ऑटोमैटिक बॉडी स्कैनर मशीन से गुजरना पड़ता है। इस तरह के उपकरणों का इस्तेमाल करने के द्वारा सुरक्षा कर्मियों को आतंकवादी की मौजूदगी का पता लगाने में मदद मिलती है।

# क्या बिहार में जेपी से बीजेपी तक का सफर अक्टूबर नवम्बर 2025 विधानसभा चुनाव में पूरा होगा

**अजय दीक्षित**

14 करोड़ आबादी वाले भारत के दूसरे सबसे बड़े राज्य बिहार की 243 विधानसभा सीटों के चुनाव अक्टूबर नवम्बर 2025 में होने वाले हैं। उत्तर प्रदेश, झारखंड,नेपाल की सीमा से लगे इस बिहार राज्य में जातिवाद और आरक्षक का मुद्दा प्रमुख है। इस प्रदेश में यादव, मुस्लिम, बाहुल्य है लेकिन भूमिहार, राजपूत,कोरी, पासी, ब्राह्मण, आदि जातियों है ।इस प्रदेश में शायद जगन्नाथ मिश्र अंतिम कांग्रेसी मुख्यमंत्री रहे हैं। वर्तमान में नीतीश कुमार 2004 से मुख्यमंत्री हैं।

इस बार के चुनाव बिहार को जेपी से बीजेपी तक पहुंचा रहे हैं और भारतीय जनता पार्टी का बिहार में राज करने का सपना 2025 में तो नहीं 2026 में पूरा होगा । क्योंकि नीतीश कुमार किसी बीमारी से ग्रसित हैं।भाजपा ने माइक्रो चुनाव प्रबंधन किया है और बिहार मामलों के प्रभारी विनोद तावड़े पीछे 6 माह से बिहार के पटना में डटे हैं और पूरे बिहार की खाक छान रहे हैं।अब चुनाव की गतिविधियों तेज हो गई हैं 25 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दरभंगा आ रहे हैं और इस दिन लाडली बहना जैसी विशाल घोषणा हो सकती है जिसमें 173००० एक करोड़ तिहतर महिलाओ को 1500से 2500 देने की घोषणा हो सकती है।इस दौरान केंद्रीय मंत्री श्री भूपेंद्र यादव और अश्विनि वैष्णव को भी जिम्मे दारी मिल सकती हैं और विनोद तावड़े पहले से ही है।

राजद, कांग्रेस,से निपटने के लिए कुर्मी,कोरी,पासी,रजक,जैसी छोटी जातियों की ओर एनडीए में लाया जा रहा है अभी यह तय नहीं कि मुख्यमंत्री चेहरा कौन होंगे लेकिन नीतीश कुमार ही होंगे।कई राज्यों के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव, भजनलाल, विष्णु सहाय , नायब सैनी, योगी आदित्यनाथ, शिवराज सिंह चौहान की भी भूमिका बढ़ेगी ।सीटों का




तालमेल 243 में से 115पर भाजपा और इतने पर ही जेडीयू लड़ेगी वाकी पर लोजपा,हम पार्टी लड़ेगी और इस बार का चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फेस पर होगा। पहली बार बिहार से जेपी से बीजेपी तक का सफर शुरू होगा ।बिहार में मिथिलांचल,मगध, मध्य बिहार क्षेत्र है।मध्य बिहार में यादव मुस्लिम बाहुल्य है वहीं मगध में भूमिहार राजपूत है वही मिथिलांचल में ब्राह्मण का बोलबाला है। आजादी के भगवत झा आजाद, ललित नारायण मिश्रा, अब्दुल गफूर, कर्पूरी ठाकुर,रमई राम, बाबू जगजीवन राम, जयप्रकाश नारायण, चंद्रशेखर,नेता थे वहीं 1990 में उदय हुआ लालू यादव का कुछ दिनों जॉर्ज फर्नांडिस, शरद यादव, अश्विन चौबे, सुशील कुमार मोदी,नेता रहे लेकिन नीतीश कुमार ने बिहार। को जाति धर्म समुदाय से बाहर कर विकास का रास्ता दिखाया।बिहार की मुख्य समस्या है रोजगार यहां युवा शादी होते ही सबसे पहले दिल्ली का रुख करता है।मुंबई, कलकत्ता, पुणे, हैदराबाद,चेन्नई ,जयपुर सहित भारत वर्ष प्रत्येक हिस्से बिहार से पलायन कर इन शहरों में जाता है और मजदूरी करना, झुग्गी में रहना ही उसकी नियति बन गई है।

# किताबों से दूरीः समाज की नई दुर्बलता!

**सोनम लववंशी**

कभी किताबें धरोहर होती थीं, अब वे सिर्फ सजावट बनकर रह गई हैं। दीवारों पर टंगी तस्वीरों और दराज में पड़ी पुरानी डायरी की तरह किताबें भी बीते समय की याद भर हैं। यूनेस्को ने 23 अप्रैल को विश्व पुस्तक दिवस घोषित किया था ताकि समाज किताबों की अहमियत को दोबारा समझे, मगर आज सवाल ये है कि क्या हम वाकई समझना चाहते हैं? अब किताबें पढ़ी नहीं जातीं, खरीदी जाती हैं ताकि इंस्टाग्राम पर उनकी तस्वीर लगाई जा सके। पढ़ने की जगह स्क्रॉल करने का चलन है। औसतन एक भारतीय प्रतिदिन 2.36 घंटे सोशल मीडिया पर बिताता है, जबकि पढ़ने में महज 2.7 मिनट खर्च करता है। इससे ज़्यादा किसी समाज की बौद्धिक दरिद्रता का प्रमाण और क्या होगा? पहले पढ़ा हुआ ज्ञान होता था, अब सुना हुआ भ्रम है। गूगल पर किताबों के बिना ज्ञान खोजिए, सैकड़ों वीडियो मिल जाएंगे जो साबित करने पर आमादा हैं कि बिना पढ़े भी दुनिया बदली जा सकती है। पर क्या सचमुच ऐसा है? क्या न्यूटन, टॉलस्टॉय, अंबेडकर या प्रेमचंद ने किताबों के बिना क्रांति की थी? नहीं। तो फिर आधुनिक भारत क्यों इस भ्रमित दिशा में बढ़ चला है? हम विश्वगुरु बनने को आतुर हैं, जबकि युवा पीढ़ी किताबों से दूर होती जा रही है। असर-2023 की रिपोर्ट के अनुसार, ग्रामीण भारत के 14-18 वर्ष के 25 प्रतिशत विद्यार्थी अपनी मातृभाषा में कक्षा दो की किताब तक नहीं पढ़ सकते। यह वही भारत है जहाँ शारदा पीठ, नालंदा और तक्षशिला जैसे ज्ञान केंद्रों ने विश्व को दिशा दी थी। एक अन्य रिपोर्ट कहती है कि भारत में हर तीसरा ग्रेजुएट अपनी डिग्री के बाद फिर कभी कोई किताब नहीं पढ़ता। फिर भी हम समाज में विवेक, तार्किकता और आलोचनात्मक सोच की अपेक्षा करते हैं? आज पढ़ना 'बोरिंग' और रील्स 'एंटरटेनिंग' हो गई हैं। क्या यह मनोरंजन की लत हमारी मानसिक आज़ादी को नहीं निगल रही? आज का युवा ऐतिहासिक उपन्यास नहीं पढ़ता, लेकिन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर शॉर्ट्स जरूर देखता है।




मेष राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। बिजनेस में फायदा हो सकता है। घरेलू जरूरत की चीजों की खरीददारी हो सकती है। आज नए संपर्क बनेंगे। किसी आदर्श व्यक्ति की प्रेरणा से भरपूर ऊर्जा मिलेगी। आपसी बातचीत द्वारा कई परिस्थितियां बेहतर होगी।

वृष राशिः आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आप परिवारवालों के साथ समय बितायेंगें घर में खुशी का महौल बना रहेगा। आज आपका व्यवस्थित और सकारात्मक दृष्टिकोण हर जगह उचित तालमेल बनाकर रखेगा। आज व्यवसाय से संबंधित गतिविधि करते समय अपने कार्य क्षमता पर भरोसा रखें । बिजनेस बढ़ाने के लिए नए शोध और योजनाओं की जरूरत है।

मिथुन राशिः आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपकी निजी समस्या सुलझ सकती है। व्यक्तिगत रिश्ते में चल रही समस्याओं को अपने ऊपर हावी ना होने दें। बच्चों की गतिविधियों को नजरअंदाज ना करें। आज किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेना जरूरी है। ज्यादा सोच विचार करने से आपकी कार्यप्रणाली पर असर पड़ सकता है।

कर्क राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर ढंग से काम करने की कोशिश करेंगे। मेहनत से किये गये काम में आपको सफलता मिलेगी। आज आप अपने राजनैतिक अथवा सामाजिक संपर्कों को और अधिक मजबूत करेंगे । आज कोशिश करने पर मनचाहा कार्य पूरा हो सकता है। परंतु लेनदेन के मामलों में ज्यादा लाभ की उम्मीद ना रखें। दोस्तों की सलाह आज आपके बहुत काम आयेगी।

सिंह राशिः आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपको आर्थिक मामलों में लाभ मिलेगा। अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए आप नये कदम उठायेंगे, जिसमें आप सफल भी होंगे। आज परिवार के साथ हर्षोल्लास के साथ समय बीतेगा। कार्यकुशलता के दम पर आप वह उपलब्धि हासिल कर लेंगे जिसकी कभी आपने तमन्ना की थी।

कन्या राशिः आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। दोस्तों और परिवार के साथ व्यस्त रहेंगे। बड़ा काम निपटाने की जिम्मेदारी आपको मिल सकती है। आज दूसरों के मामले में दखलंदाजी ना करें और ना ही बिन मांगे सलाह द । आज बीती हुई नकारात्मक बातों को दिमाग पर हावी न होने दे, क्योंकि इस वजह से सब कुछ ठीक रहते हुए भी आपको कहीं ना कहीं उलझन महसूस होगी। साथ ही अपनी भावनाओं व क्रोध पर नियंत्रण रखें।

तुला राशिः आज आप अपने खर्चे पर कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे। आपको अपनी मनपसंद कंपनी में इंटरव्यू के लिए बुलावा आयेगा। आज आप दिन की शुरुआत में ही अपने खास कार्यों की रूपरेखा बना ले । आपकी सकारात्मक सोच आपको निर्णय लेने में सहयोग करेगी।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आप ज्यादा समय परिवार वालों के साथ बिता सकते हैं। आज आपके लिए फैसला करना कठिन होगा। आज किसी समस्या से आपको राहत मिलने वाली है और परिवार के साथ किसी धार्मिक गतिविधि में समय बीतेगा। जिससे सकारात्मक और ऊर्जावान महसूस करेंगे। भाइयों के साथ रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी।

धनु राशिः आज का दिन आपके लिए फायदेमंद होने वाला है। आज आपको आय के नए रास्ते सामने नज़र आ सकते हैं। आज ऑफ़िस में किसी सीनियर का सहयोग मिलने से काम में आसानी होगी। विद्यार्थियों को अपने किसी विषय को लेकर की गई मेहनत में सफलता हासिल होगी।

मकर राशिः आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। सेहत के मामले में दिन अच्छा है। किसी को अपनी बातों से सहमत करवाना चाह रहे हैं तो सावधान रहें। आज कुछ चुनौतियां सामने आएंगी लेकिन आपकी सूझबूझ से हल भी निकलते जाएंगे। खासकर इस राशि की महिलायें अपने कार्यों को बेहतरीन तरीके से करने में सक्षम रहेंगी।

कुंभ राशिः आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपकी मेहनत के मुताबिक फल मिलेगा। आज उधार दिया हुआ या फंसा हुआ पैसा वापस मिलने से आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। आप अपनी योग्यता और प्रतिभा द्वारा विशेष उपलब्धि हासिल करने में सक्षम रहेंगे। पिता या पिता समान किसी व्यक्ति की सलाह और मार्गदर्शन का जरूर अनुसरण करें। आज व्यस्तता के चलते कार्यस्थल पर अधिक समय नहीं दे पाएंगे। परंतु आपके स्टाफ और कर्मचारियों का सहयोग से व्यवस्था उचित बनी रहेगी। कहीं बाहर घूमने जाने का प्लान भी बना सकते हैं।

मीन राशिः आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। काम शुरू करने से पहले उस क्षेत्र से जुड़े लोगों की राय जरुर ले लें। आज आपका पिछले काफी समय से रुका हुआ काम हल होने वाला है, जिससे आप राहत महसूस करेंगे। अपना कुछ समय किसी एकांत अथवा आध्यात्मिक स्थल पर भी जरूर व्यतीत करें। विद्यार्थी वर्ग अपना प्रोजेक्ट पूरा होने से गर्व महसूस करेंगे। आज समय अनुसार अपने स्वभाव में बदलाव लाने की जरूरत है।

# देश में एक नया दर्शन स्थापित

**अजीत द्विवेदी**

कर्ज लेकर घी पीने का एक दर्शन भारत में रहा है। चार्वाक ऋषि को इस दर्शन का प्रणेता माना जाता है। हालांकि यह दर्शन ज्यादा लोकप्रिय नहीं हुआ क्योंकि कर्ज लेकर घी पीने वालों को भारतीय समाज में फ्रॉड माना जाता है। इसलिए यह काम बड़े लोगों खासकर उद्योगपतियों, कारोबारियों, नेताओं आदि के लिए छोड़ दिया गया। मध्यवर्ग अपनी मोरालिटी में इससे दूर रहा तो निचले तबके को इसका मौका ही नहीं मिला। लेकिन अब देश में एक नया दर्शन स्थापित हो रहा है। कर्ज लेकर दाल-रोटी चलाने का। नोटबंदी, जीएसटी और केंद्र सरकार की अन्य आर्थिक नीतियों के साथ साथ कोरोना की महामारी ने भारतीय समाज को इस दर्शन का अनुपालन करने के लिए मजबूर कर दिया है।

भारत में कर्ज के आंकड़े परेशान करने वाले हैं। एक तरफ अमीरों का कर्ज है, जिसमें से पिछले 10 साल में 16 लाख करोड़ रुपए का कर्ज भारत सरकार ने बट्टेखाते में डाला है तो दूसरी ओर रोजमर्रा की जरुरतों को पूरा करने के वास्ते लिए गए कर्ज का आंकड़ा है, जिसके बोझ तले देश का मध्य वर्ग दबा हुआ है।

कोरोना महामारी के बाद घरेलू कर्ज यानी रोजमर्रा की जरुरतों को पूरा करने के वास्ते लिया गया कर्ज लगातार बढ़ता जा रहा है। कई स्तरों पर कर्ज डिफॉल्ट हो रहा है और बैंकों का पैसा डूब रहा है। रिजर्व बैंक के पिछले साल यानी 2024 में क्रेडिट कार्ड सेगमेंट में डिफॉल्ट राशि 28.42 फीसदी बढ़ कर 6.742 करोड़ रुपए हो गई है। पिछले साल जून तक गोल्ड लोन का डिफॉल्ट 6,696 करोड़ रुपए हो गया था। क्रेडिट कार्ड और गोल्ड लोग दोनों का कर्ज छोटी छोटी घरेलू जरुरतों को पूरा करने के लिए लिया गया है। जून 2021 में जब कोरोना महामारी की दूसरी लहर समाप्त हुई उस समय घरेलू कर्ज भारत के सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी के 36.5 फीसदी था, जो जून 2024 में बढ़ कर जीडीपी के 42.9 फीसदी तक पहुंच गया। अगर 2015 से 2019 की चार साल की अवधि को देखें तो घरेलू कर्ज का औसत जीडीपी के 33 फीसदी के आसपास था। यानी 2019 के बाद से इसमें 10 परसेंटेज प्वाइंट की बढ़त हुई है। अगर भारत की जीडीपी चार सौ लाख करोड़ रुपए है तो इसका मतलब है कि चार साल में घरेलू कर्ज में 40 लाख करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हो गई है।

घरेलू कर्ज के आंकड़ों की थोड़ी और बारीकी में जाते हैं तो पता चलता है कि मार्च 2021 से मार्च 2024 की तीन साल की अवधि में बैंकों से लिए जाने वाले पर्सनल लोन में 75 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इस अवधि में नॉन बैंकिंग फाइनेंस कंपनीज और हाउसिंग फाइनेंस कंपनी के कर्ज में 70 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। इसी अवधि में मिनी माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्ज में 67 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। इसकी तुलना में इसी अवधि में घरेलू आय में 43 फीसदी और उपभोग में 49 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। यानी आय व उपभोग के अनुपात में कर्ज ज्यादा बढ़ा है। अर्थशास्त्र के जानकारों का कहना है कि अगर कर्ज बढ़ने का ट्रेंड 2015 से 2019 वाला रहता और उसके बाद चार साल में जितनी तेजी से बढ़ा है वैसे नहीं बढ़ता तो उपभोक्ता खर्च में जीडीपी के दो फीसदी के बराबर कमी आती। इसका बहुत बड़ा असर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता।

सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि ज्यादातर कर्ज घरेलू और रोजमर्रा की जरुरतों को पूरा करने के लिए लिया जा रहा है। निवेश करने या कारोबार बढ़ाने के लिए इस अनुपात में कर्ज नहीं लिया जा रहा है। दूसरी खास बात यह है कि पांच लाख रुपए सालाना से कम आय वाले लोग अपनी जरुरतों को पूरा करने के लिए ज्यादा कर्ज ले रहे हैं। यही कारण है कि अनसिक्योर लोन की मात्रा सबसे ज्यादा बढ़ रही है। अगर बैंकों से लिए जाने वाले घरेलू कर्ज में क्रेडिट कार्ड और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स के कर्ज को जोड़ दें तो मार्च 2021 से मार्च 2024 की अवधि में कर्ज बड़ने का आंकड़ा 82 फीसदी पहुंच जाता है। इन तीनों मामलों यानी घरेलू कर्ज, क्रेडिट कार्ड और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स का गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थाओं का कर्ज इसी अवधि में 130 फीसदी की दर से बढ़ा है। तभी माना जा रहा है कि पांच लाख से कम आय वाला घर चलाने के लिए कर्ज ले रहा है और उससे ज्यादा मध्य आय वाला वर्ग घर और कार आदि के लिए कर्ज ले रहा है। चिंता की दूसरी बात यह है कि पहले से चल रहे कर्ज के बाद भी परिवार कर्ज ले रहे हैं। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक निजी कर्ज लेने वाले पांच से में तीन लोगों के ऊपर एक साथ तीन लोन की किस्तें चल रही हैं। माइक्रो फाइनेंस की बात करें तो छह फीसदी ऐसे हैं, जिन पर चार या उससे ज्यादा कर्ज चल रहे हैं। इसका मतलब है कि घरेलू आय का बड़ा हिस्सा कर्ज की किस्तें भरने में जा रहा है और अगर आय में बहुत जल्दी व तेजी से बढ़ोतरी नहीं होती है तो बैंकों के कर्ज एनपीए में बदलेंगे या आम लोगों पर कर्ज चुकाने का बहुत बड़ा दबाव बनेगा। उनकी कमाई का ज्यादा हिस्सा कर्ज चुकाने में जाएगा।

तभी रिजर्व बैंक ने कर्ज की शर्तें सख्त करने और जोखिम का आकलन करने का निर्देश दिया। इससे कर्ज देने की रफ्तार में थोड़ी कमी आई लेकिन इसका असर उपभोग पर पड़ा और विकास दर गिर गई। सो, यह अलग जोखिम है। इस बीच रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में कमी शुरू कर दी है। दो कटौती हो गई है। इससे कर्ज और उपभोग दोनों बढ़ेंगे। पर मुश्किल यह है कि अगर कमाई नहीं बढ़ी तो कर्ज कहां से चुकता होगा? फिर तो बैंकिंग सेक्टर का भी भट्ठा बैठेगा। ध्यान रहे बैंकों के कर्ज में निजी और घरेलू कर्ज का हिस्सा एक तिहाई है और एनबीएफसी व एचबीएफसी के कर्ज में आधा है। ऐसा नहीं है कि उपभोग के लिए सिर्फ निजी कर्ज या क्रेडिट कार्ड और कंज्यूमर उत्पादों के लिए बैंकों या एनबीएफसी से कर्ज लिए जा रहे हैं, गोल्ड लोन यानी सोना गिरवी रख कर कर्ज लेने का ट्रेंड भी तेजी से बढ़ा है। इसका भी ज्यादातर हिस्सा घरेलू जरुरतों को पूरा करने से जुड़ा है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक फरवरी 2025 में गोल्ड लोन में 87.4 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। यह बढ़ कर 1.91 लाख करोड़ रुपए पहुंच गई है। 2019 से 2024 के बीच सोना गिरवी रख कर कर्ज लेने वाली महिलाओं की संख्या में 22 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इसी बीच गोल्ड लोन डिफॉल्ट में 30 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक मार्च 2024 में गोल्ड लोन बकाया 1,02,562 करोड़ था, जो अक्टूबर 2024 तक बढ़ कर 1,54,282 करोड़ हो गया और फरवरी 2025 में बढ़ कर 1.91 लाख करोड़ हो गया।

# संक्षिप्त समाचार

## पहलगाम हमले के बाद बारामूला में अलर्ट, सरकार ने पीएम पैकेज कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम के दिए निर्देश

बारामूला , (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकवादी हमले के बाद प्रधानमंत्री पैकेज के अंतर्गत नियुक्त सभी कर्मचारियों को घर से काम करने के निर्देश दिए गए। बारामुला के मुख्य शिक्षा अधिकारी (सीईओ) की ओर से जारी आदेश के अनुसार कर्मचारियों को 27 अप्रैल तक घर से काम करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य शिक्षा अधिकारी (सीईओ) के बारामुला कार्यालय की ओर से जारी आदेश में कहा गया कि प्रधानमंत्री पैकेज के अंतर्गत नियुक्त सभी कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से इस सप्ताह के लिए वर्क फ्रॉम होम (घर से कार्य) करने की अनुमति दी जा रही है। यह आदेश 27 अप्रैल (रविवार) तक प्रभावी रहेगा। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि संबंधित सभी कर्मचारी अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को निभाने के लिए उपलब्ध रहें और आवश्यकतानुसार विभागीय कार्यों में सहयोग सुनिश्चित करें।पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के बाद एहतियात के तौर पर यह कदम उठाया गया है। इस हमले को लेकर केंद्र ने आज सर्वदलीय बैठक बुलाने का भी निर्णय लिया है। सूत्रों की मानें तो इस बैठक में हमले के बाद की स्थिति, सुरक्षा को लेकर उठाए जा रहे कदम और आगामी रणनीति पर चर्चा की जाएगी। इससे पहले, बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक की। पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई यह बैठक दो घंटे से ज्यादा समय तक चली। इस बैठक में पीएम मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर समेत कई अन्य अधिकारी शामिल हुए थे। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम इलाके की बैसरन घाटी में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की जान चली गई और कई घायल हो गए। यह जगह श्रीनगर से लगभग 30 मील दूर एक पर्यटन स्थल है। इस घिनौनी आतंकी हमले की देश-विदेश में कड़ी निंदा हो रही है।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले नीरज उधवानी को दी श्रद्धांजलि,सीएम ने मां के आंसू पोछे

जयपुर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में जान गंवाने वाले नीरज उधवानी को राजस्थान ने नम आंखों से विदाई दी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को जयपुर स्थित नीरज के आवास पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शहीद की पार्थिव देह पर पुष्पचक्र अर्पित किया और गहरी संवेदना व्यक्त की।मुख्यमंत्री ने इस दौरान शहीद की मां के आंसू पोंछे और उन्हें ढांढस बंधाया। भावुक माहौल में मौजूद हर आंख नम थी। मुख्यमंत्री ने परिवार को आश्वासन दिया कि प्रदेश सरकार इस कठिन समय में उनके साथ है और हर संभव सहायता उपलब्ध कराएगी। पहलगाम आतंकी हमले में जयपुर के 33 वर्षीय सीए नीरज उधवानी की मौत हो गई। यह हमला परिवार को जिंदगीभर का घाव दे गया। जयपुर के मालवीय नगर में रहने वाले नीरज उधवानी, जो पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट थे और यूएई में कार्यरत थे, अब इस दुनिया में नहीं हैं। 33 वर्षीय नीरज अपनी पत्नी आयुषी के साथ कुछ दिनों की छुट्टी लेकर कश्मीर घूमने गए थे, लेकिन किसे पता था कि यह यात्रा उनकी ज़िंदगी की आखिरी यात्रा बन जाएगी।नीरज की पत्नी आयुषी ने जिस पल फोन कर बताया कि नीरज को गोली लग गई है, उसी क्षण जयपुर स्थित उनके घर में कोहराम मच गया। भाई किशोर को जैसे ही खबर मिली, वे परिवार सहित तुरंत दिल्ली रवाना हुए और वहां से कश्मीर के लिए फ्लाइट ली। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। नीरज को गोली लग चुकी थी और उनकी मौत हो चुकी थी।

## पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान पर भारत का एक और एक्शन, एक्स अकाउंट को किया सस्पेंड

नई दिल्ली (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच बढ़े तनाव के बीच भारत में पाकिस्तान सरकार के आधिकारिक एक्स अकाउंट को बंद (सस्पेंड) कर दिया गया है। यह कदम सिंधु जल संधि को निलंबित करने और वरिष्ठ पाकिस्तानी राजनयिक कर्मचारियों को निष्कासित के बाद उठाया गया है। यह फैसला पीएम मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा पर कैबिनेट समिति की बैठक के एक दिन बाद आया है। यह बैठक पहलगाम में 23 अप्रैल को हुए हमले पर भारत की प्रतिक्रिया निर्धारित करने के लिए बुलाई गई थी। इससे पहले बुधवार शाम को एक प्रेस वार्ता में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि भारत में पाकिस्तानी उच्चायोग में कर्मियों की संख्या 55 से घटाकर 30 किया जाएगा। भारत ने नई दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग से सभी रक्षा, नौसेना और वायु सलाहकारों को भी निष्कासित कर दिया है। इन व्यक्तियों को अवांछित व्यक्ति घोषित किया गया है और उन्हें एक सप्ताह के भीतर देश छोड़ने का निर्देश दिया गया है। इसी तरह, भारत इस्लामाबाद स्थित अपने उच्चायोग से अपने सैन्य सलाहकारों को वापस बुलाएगा। दोनों मिशनों में सेवा सलाहकारों को सौंपे गए पांच सहायक कर्मचारियों को भी वापस बुलाया जाएगा। भारत ने पाकिस्तानी नागरिकों के लिए सार्क वीजा छूट योजना को भी निलंबित कर दिया है। पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी मौजूदा वीजा तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिए गए हैं। सीसीएस ने अटारी में एकीकृत चेक पोस्ट को तत्काल बंद करने का भी आदेश दिया, जो भारत और पाकिस्तान के बीच एकमात्र चालू भूमि सीमा क्रॉसिंग है। वैध दस्तावेजों के साथ भारत में प्रवेश करने वाले पाकिस्तानी नागरिक 1 मई की समय सीमा से पहले वापस लौट सकते हैं।

## मृतक नेपाली युवक का शव सोनौली बॉर्डर पर परिजनों को सौंपा गया, केंद्र से आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

महाराजगंज (आरएनएस) ।जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में भारत के पड़ोसी देश नेपाल के लुम्बिनी प्रदेश के निवासी सुदीप नेउपाने की भी मौत हो गई। उनका पार्थिव शरीर आज सुबह महाराजगंज जिले के भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा सोनौली पहुंचा, जहां नेपाल प्रशासन और भारतीय प्रशासन की मौजूदगी में मृतक नेपाली युवक का शव उसके परिजनों को सौंप दिया गया। इस दौरान महाराजगंज जिला प्रशासन की ओर से नौतनवा के उपजिलाधिकारी नवीन कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी जयप्रकाश त्रिपाठी व नेपाल प्रशासन के अधिकारियों की मौजूदगी में भारतीय एंबुलेंस से नेपाली युवक का शव नेपाल प्रशासन को सौंप दिया गया।

# मेरे पति को गोली मारने के बाद हंस रहा था आतंकवादी....

## पहलगाम हमले में मारे गए व्यक्ति की पत्नी ने बयां की वहां की स्थिति

ठाणे (ए.)। पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए बैंक मैनेजर शैलेश की पत्नी शीतल कलथिया ने गुरुवार को अंतिम संस्कार में श्रद्धांजलि देने आए केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल पर जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने न्याय की मांग की और सरकार पर पर्यटकों को सुरक्षा प्रदान नहीं करने का आरोप लगाया। मुंबई में भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में 44 वर्षीय मैनेजर शैलेश कलथिया अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ एक सहकर्मी के परिवार के साथ छुट्टियां मनाने गए थे, जब मंगलवार को उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले गुजरात के सूरत निवासी शैलेश कलाथिया की पत्नी ने बृहस्पतिवार को बताया कि आतंकवादी उनके पति की गोली मारकर हत्या करने के बाद हंस रहा था। दक्षिण कश्मीर के पहलगाम शहर में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में मारे गए 26 लोगों में कलाथिया समेत



गुजरात के तीन लोग शामिल थे। हमले में जान गंवाने वाले राज्य के दो अन्य लोग यतीश परमार और उनके बेटे स्मित भावनगर शहर के रहने वाले थे। तीनों मृतकों का बृहस्पतिवार को उनके पैतृक स्थानों पर अंतिम संस्कार किया गया।

स्थानीय निवासी शोक की लहर के बीच मृतकों के अंतिम संस्कार में शामिल हुए। शैलेश कलाथिया के शव को जब उनके घर से श्मशान ले जाया जा रहा थ, उस समय उनकी पत्नी शीतलबेन कलाथिया काफी परेशान दिखीं। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि आतंकवादियों ने कोई दया नहीं दिखाई और वे उनके पति को बहुत करीब से गोली मारने के बाद हंस रहे थे।

शीतलबेन ने कहा, एक आतंकवादी पहले हमारे करीब आया और फिर यह जानने के बाद कि वह हिंदू है, उसने मेरे पति को गोली मार दी। मेरे पति की तरह ही, अन्य हिंदू पुरुषों को भी उनके बच्चों के सामने गोली मारी गई। मेरे पति को गोली मारने के बाद आतंकवादी हंस रहा था और तब तक वहां से नहीं गया, जब तक कि वह मर नहीं गए।

कलाथिया के बेटे नक्श ने सूरत में अपने पिता का अंतिम संस्कार किया। नक्श ने बाद में पत्रकारों से कहा कि उनके पिता को हिंदू होने के कारण निशाना बनाया गया और एक आतंकवादी ने उनके और उनकी मां के सामने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। शैलेश कलथिया अपनी पत्नी शीतलबेन, बेटे नक्श और बड़ी बेटी नीति के साथ पहलगाम में छुट्टियां मना रहे थे कि तभी आतंकवादियों के एक समूह ने बैसरन पर हमला किया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस कार्यक्रम के दौरान अमृत भारत एक्सप्रेस और नमो भारत रैपिड रेल को हरी झंडी दिखाई, इस दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ लल्लन सिंह, बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी बिहार के मधुबनी में मौजूद रहे।

## केरल के 575 लोग अभी कश्मीर में हैं, उन्हें हरसंभव सहायता दी जा रही है : मुख्यमंत्री विजयन

तिरुवनंतपुरम (ए.)। केरल के मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन ने बृहस्पतिवार को कहा कि केरल के 575 लोग अभी कश्मीर में हैं और जरूरतमंद लोगों को यात्रा, चिकित्सा सहायता और भोजन उपलब्ध कराने के लिए कदम उठाए गए हैं। मंगलवार दोपहर को दक्षिण कश्मीर के लोकप्रिय पर्यटन स्थल पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें अधिकतर अन्य राज्यों से आए पर्यटक थे। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, विजयन ने कहा कि कश्मीर से दिल्ली आने वालों के लिए आगे की यात्रा के वास्ते टिकट बुकिंग सहित अन्य व्यवस्थाएं की गई हैं।

## पहलगाम हमले पर बोले शशि थरूर, आरोप-प्रत्यारोप का समय नहीं, इस्लामी आतंकियों और पाकिस्तानी आकाओं को नष्ट करना होगा



नई दिल्ली (ए.)। कांग्रेस नेता शशि थरूर ने गुरुवार को कहा कि पहलगाम आतंकी हमले को लेकर घरेलू आरोप-प्रत्यारोप का यह समय नहीं है। उन्होंने कहा कि इस्लामी आतंकवादियों और उनके पाकिस्तानी आकाओं को नष्ट किया जाना चाहिए और हमें अपनी सरकार का समर्थन करना चाहिए ताकि वह ऐसा कर सके जो इसे हासिल करने के लिए सबसे अच्छा हो। उन्होंने यह भी कहा कि कश्मीरी एकीकरण और सांप्रदायिक सद्भाव के लिए भारत की प्रतिबद्धता को कम नहीं किया जाना चाहिए। थरूर ने कहा कि इस सप्ताह हुई भयावहता के लिए उन लोगों की जिम्मेदारी अधिक है जिन्होंने हत्याओं की योजना बनाई और उन्हें अंजाम दिया, न कि उन लोगों की जो उन्हें रोकने में विफल रहे। उन्होंने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं कि हमारी तरफ से खुफिया और सुरक्षा संबंधी चूक हुई है। सुरक्षा बल हर जगह नहीं हो सकते। लेकिन अब उन्हें उन जगहों की सूची में आम पर्यटक स्थलों को भी शामिल करना होगा, जिनकी उन्हें सुरक्षा करनी होगी। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में पहलगाम कस्बे के पास मंगलवार दोपहर को आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में कम से कम 26 लोग मारे गए, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे और कई घायल हो गए। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में यह टिप्पणी की क्योंकि वह कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक के लिए समय पर लक्षद्वीप से वापस नहीं आ सके। उन्होंने कहा कि वह सीडब्ल्यूसी द्वारा जारी मजबूत और रचनात्मक बयान में अपना समर्थन जोड़ रहे हैं। चार अतिरिक्त, परस्पर संबंधित बिंदुओं को जोड़ते हुए, थरूर ने कहा कि पहलगाम हमले के उद्देश्य स्पष्ट हैं – शांति को रोकना, सामान्यीकरण को पटरी से उतारना, पर्यटन को नष्ट करना, कश्मीर की अर्थव्यवस्था को बर्बाद करके वहां असंतोष बढ़ाना, कश्मीरियों और अन्य भारतीयों के प्रति अविश्वास को बढ़ाना और भारत में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण को बढ़ाना।

## दिल्ली के भागीरथ प्लेस में आग लगी, कोई हताहत नहीं



नई दिल्ली (ए.)। राजधानी के भीड़भाड़ भरे इलाके भागीरथ प्लेस में बृहस्पतिवार को बिजली का सामान रखने वाले गोदाम में आग लग गई जिसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आग लगने की सूचना दोपहर करीब 1ः49 बजे मिली और इमारत की दूसरी मंजिल से लपटें निकल रही थीं। दिल्ली अग्निशमन सेवा ने आठ गाड़ियां मौके पर भेजीं, जिससे दो घंटे के भीतर आग पर काबू पा लिया गया। प्रारंभिक जानकारी से पता चला है कि आग बिजली के सजावटी सामान के भंडारण से फैलना शुरू हुई।

## कोटा में नीट की तैयारी कर रहे छात्र का शव मिला, आत्महत्या का संदेह

नई दिल्ली (ए.)। राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रहे दिल्ली के 23 वर्षीय एक छात्र का शव बृहस्पतिवार को यहां रेल लाइन के पास मिला, जिसके बाद प्रारंभिक जांच का हवाला देते हुए पुलिस ने कहा कि युवक ने जहर खाकर आत्महत्या की। पुलिस के अनुसार युवक का शव लैंडमार्क सिटी इलाके में मिला औरघटनास्थल पर कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। देश का कोचिंग हब कहे जाने वाले कोटा में 48 घंटे में किसी नीट अभ्यर्थी द्वारा कथित तौर पर आत्महत्या किए जाने का यह दूसरा मामला है और जनवरी से अब तक 12वां मामला है। पुलिस निरीक्षक अरविंद भारद्वाज ने 'पीटीआई–भाषा' को बताया कि दिल्ली के तुगलकाबाद के निवासी रोशन शर्मा का शव झाड़ियों से बरामद किया गया उन्होंने कहा कि कुछ राहगीरों ने शव को देखा और पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने छात्र के मोबाइल से उसके माता–पिता से संपर्क किया। एक अधिकारी ने बताया रोशन की बुधवार रात अपने परिवार से आखिरी बार बात हुई थी और परिवार के सदस्यों के अनुसार रोशन ने उनसे कहा था कि वह न तो नीट परीक्षा देगा और न ही दिल्ली लौटेगा बल्कि जहर खाकर अपनी जान दे देगा। अधिकारी ने बताया कि उसे अगले महीने नीट परीक्षा देनी थी। रोशन के माता–पिता ने कहा कि वह बोरखेड़ा इलाके के कोरल पार्क में एक छात्रावास में रह रहा था और उसके माता–पिता ने पुलिस को बताया कि वे कुछ दिन पहले रोशन को वापस घर लाने के लिए कोटा गए थे, लेकिन उसने इनकार कर दिया था।

## एफआईआईटी जेईई के मालिक डीके गोयल पर ईडी की बड़ी कार्रवाई, दिल्ली-एनसीआर में 10 ठिकानों पर छापेमारी

नई दिल्ली (आरएनएस)। इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान एफआईआईटी जेईई की मुश्किलें बढ़ गई हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने संस्थान के मालिक डीके गोयल के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दिल्ली, नोएडा और गुरुग्राम समेत 10 ठिकानों पर छापेमारी की है।सूत्रों के मुताबिक, एफआईआईटी जेईई के कई सेंटर अचानक बंद होने और हजारों छात्रों का भविष्य अधर में लटकने के मामले में ईडी यह कार्रवाई कर रही है। जानकारी के अनुसार, संस्थान बंद होने से करीब 12,000 छात्रों को नुकसान हुआ है, जबकि मालिकों को इससे करीब 12 करोड़ रुपये का आर्थिक लाभ हुआ।इससे पहले फरवरी में नोएडा पुलिस ने एफआईआईटी जेईई से जुड़े बैंक खातों को फ्रीज किया था। इन खातों में 11.11 करोड़ रुपये सीज किए गए थे। मामला थाना सेक्टर–58 में दर्ज किया गया था, जहां एफआईआईटी जेईई के मालिक दिनेश गोयल समेत 8 लोगों पर आपराधिक साजिश और विश्वासघात जैसे गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। एफआईआईटी जेईई पर आरोप है कि उन्होंने सैंकड़ों छात्रों से फीस लेने के बाद अचानक सेंटर बंद कर दिए और न तो क्लासेस चलाईं, न ही फीस वापस की।

## आतंकवादियोंकी कमर तोड़ कर रहेंगे बिहार से मोदी ने दुनिया को दिया संदेश

मधुबनी (आरएनएस)। राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन से पहले पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए मौन रखा। बिहार के मधुबनी से नरेंद्र मोदी ने पूरी दुनिया को संदेश दे दिया है की आतंकियों की कमर तोड़ दी जायेगी। पीएम मोदी ने कहा है की जिन भी आतंकियों ने ये हमला किया है और जिन उनके आकाओं ने जो ये हमला करवाया है उन सभी को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा दी जाएगी। पहलगाम आतंकी हमले पर पीएम मोदी ने कहा, आज बिहार की धरती पर मैं पूरी दुनिया से कहता हूं, भारत हर आतंकवादी और उसके समर्थकों की पहचान करेगा, उनका पता लगाएगा और उन्हें सजा देगा। हम उन्हें धरती के छोर तक खदेड़ेंगे। आतंकवाद से भारत की आत्मा कभी नहीं टूटेगी। आतंकवाद को सजा मिले, यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस संकल्प में पूरा देश एक है। मानवता में विश्वास रखने वाला हर व्यक्ति हमारे साथ है। मैं विभिन्न देशों के लोगों और उनके नेताओं को धन्यवाद देता हूं जो हमारे साथ खड़े हैं। मोदी ने कहा, 22 अप्रैल को जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने देश के निर्दोष लोगों की हत्या कर दी... इस घटना के बाद पूरा देश दुखी और व्यथित है।

## ट्रकों, भारी वाहनों के लिए सुरक्षा मूल्यांकन रेटिंग जल्द : गडकरी

नई दिल्ली (ए.)। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि मंत्रालयट्रकों और भारी वाणिज्यिक वाहनों के लिए सुरक्षा मूल्यांकन रेटिंग शुरू करने की योजना बना रहा है। यह मूल्यांकन देश के अपने क्रैश (वाहनों की टक्कर) परीक्षण कार्यक्रम, भारत एनसीएपी (नई कार मूल्यांकन कार्यक्रम) की तर्ज पर होगा। गडकरी ने 'न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम' (जीएनसीएपी) और सड़क यातायात शिक्षा संस्थान (आईआरटीई) द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य विनिर्माताओं को उत्पादन की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए प्रोत्साहित करना है, जिससे वाहन अधिक सुरक्षित बन सकें। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार देश में बैटरी चालित ई–रिक्शा के लिए मानकों और सुरक्षा मूल्यांकन प्रणाली पर पहले से ही काम कर रही है क्योंकि उनको लेकर सुरक्षा संबंधी समस्याएं हैं। उन्होंने कहा कि ई–रिक्शा में सुरक्षा सुधार से उनकी गुणवत्ता बेहतर होगी और अधिक रोजगार पैदा होगा।

# केंद्र के आदेश के बाद क्या सीमा हैदर जाएगी पाकिस्तान? उठने लगे सवाल

## -सीमा नेपाल के रास्ते भारत में अवैध रूप से हुई थी दाखिल, सचिन से की थी शादी

नोएडा,(ए)। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने देश में रह रहे सभी पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करने और 48 घंटे के अंदर भारत छोड़ने का आदेश जारी किया है। इस फैसले के बाद सबसे ज्यादा चर्चा में सीमा हैदर आई हैं। सीमा पाकिस्तान से अवैध रूप से भारत आई थी और अब ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में भारतीय युवक सचिन मीणा की पत्नी के रूप में रह रही है। सीमा हैदर नेपाल के रास्ते भारत में अवैध रूप से दाखिल हुई थी। भारत आने के बाद सीमा ने सचिन मीणा से शादी कर ली। सीमा अब



सचिन के साथ रह रही है और दोनों का एक बच्चा भी है, जिसका जन्म भारत में हुआ है। सरकार के ताजा आदेश के बाद यह सवाल उठ रहा है कि क्या सीमा हैदर को भी भारत छोड़ना होगा ?विशेषज्ञों की मानें तो मामला जटिल है। पहली बात, सरकार ने उन पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द किए हैं जो वैध रूप से भारत में रह रहे थे, जबकि सीमा हैदर बिना वीजा के अवैध रूप से भारत आई थीं। इसलिए यह आदेश उस पर सीधे तौर पर लागू नहीं होता। दूसरी बात सीमा अब एक भारतीय नागरिक की पत्नी है और उनके बच्चे का जन्म भारत में हुआ है, जिससे मानवीय और कानूनी पहलू इस मामले में अहम भूमिका निभा सकते हैं। सीमा की नागरिकता और भारत में उसके अवैध प्रवेश से जुड़ा मामला अदालत में लंबित है।



असम पुलिस ने पहलगाम आतंकी हमले पर कथित अपमानजनक टिप्पणी के लिए एआईयूडीएफ विधायक अमीनुल इस्लाम को गिरफ्तार किया।

# मुकेश अंबानी ने पहलगाम हमले में घायलों के मुफ्त इलाज की पेशकश की

मुम्बई (ए.)। उद्योगपति मुकेश अंबानी ने जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए बर्बर आतंकवादी हमले में घायल हुए लोगों के लिए बृहस्पतिवार को मुफ्त इलाज की पेशकश की। उन्होंने कहा कि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) अंबानी ने एक बयान में कहा कि सभी घायलों को मुंबई में रिलायंस फाउंडेशन सर एचएन अस्पताल में मुफ्त इलाज की पेशकश की जाएगी। कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। इस हमले में लगभग 20 अन्य घायल हो गए हैं। अंबानी ने कहा, मैं रिलायंस परिवार के सभी



सदस्यों के साथ 22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले में निर्दोष भारतीयों की मृत्यु पर शोक व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा, हम पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। घायलों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करते हुए उन्होंने कहा, मुंबई में हमारा रिलायंस फाउंडेशन सर एचएन अस्पताल सभी घायलों को मुफ्त उपचार प्रदान करेगा। अंबानी ने कहा कि आतंकवाद 'मानवता का दुश्मन' है। उन्होंने कहा, किसी को भी किसी भी तरह से इसका समर्थन नहीं करना चाहिए। हम आतंकवाद के खतरे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई में अपने प्रधानमंत्री, भारत सरकार और पूरे देश के साथ खड़े हैं।

# मेरे यार मुरारी रे में कृष्ण और सुदामा की दोस्ती की यादों को किया ताजा




मुंबई (ए.)। भजन बता मेरे यार सुदामा रै से फेम में आई विधि देशवाल ने नए भजन मेरे यार मुरारी रे में कृष्ण और सुदामा की दोस्ती की यादों को ताजा कर दिया है। नए भजन मेरे यार मुरारी रे में विधि देशवाल ने सुदामा की भूमिका को इतनी बेहतरी से निभाया है कि हर कोई उनके गायन में छिपे दर्द और प्रेम को महसूस कर सकता है।

भजन रिलीज़ होते ही यूट्यूब पर वायरल हो गया और हर दिल में एक बार फिर कृष्ण-सुदामा की पवित्र मित्रता को जगा दिया। जहां पहले गाने में कृष्ण ने सुदामा से पूछा था कि वह इतने दिनों बाद क्यों आए, इस नए गाने में सुदामा भगवान कृष्ण को जवाब देते हैं। वह कहते हैं कि उनके जीवन में सब कुछ ठीक है, लेकिन दिल की गहराई में बहुत दुख है। वह कृष्ण से यह नहीं कह पाते कि असल में उनका जीवन दुखों से भरा हुआ है, और इसलिए वह कृष्ण के सामने झूठ बोलते हैं ताकि वह कमजोर ना दिखें। विधि की आवाज़ में वह खास बात है, जो सीधे दिल में उतर जाती है। उनकी गायकी ने इस गाने को और भी खास बना दिया है, जिसे सुनते ही लोग कृष्ण और सुदामा की दोस्ती की गहरी भावना को समझने लगते हैं। इस गाने के संगीतकार लवली शर्मा और प्रोड्यूसर विनय बंसल ने इस भजन को अपनी मेहनत और लगन से खास बना दिया है।

संगीत में उनका संयोजन और प्रोडक्शन ने भजन को और भी आकर्षक बना दिया है। गाने का वीडियो और इसके स्वर भी दर्शकों को बार-बार सुनने के लिए मजबूर कर रहे हैं। मेरे यार मुरारी रे जैसे ही यूट्यूब पर अपलोड हुआ, यह गाना तुरंत ही वायरल हो गया। सोशल मीडिया पर फैंस की प्रतिक्रिया आनी शुरू हो गई और गाने को लाखों बार देखा गया। इसके साथ ही विधि देशवाल के फैंस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर इस गाने को शेयर कर दिया, जिससे गाने का क्रेज और बढ़ गया।

गाने को लेकर फैंस का कहना है कि यह गाना दिल को छू लेने वाला है और कृष्ण-सुदामा की मित्रता की सच्ची परिभाषा देता है। उनकी आवाज़ ने लोगों के दिलों को छुआ है और इसे बार-बार सुनने की इच्छा पैदा की है। गाने को लेकर सोशल मीडिया पर काफी हलचल मची हुई है, और फैंस भी इस गाने को शेयर कर रहे हैं ताकि इसे और लोग सुन सकें। आप भी इस गाने का आनंद ले सकते हैं। गाना यूट्यूब पर उपलब्ध है- मेरे यार मुरारी रे विधि देशवाल का एक और बेहतरीन भजन है, जिसने यूट्यूब पर धूम मचा दी है।

# आज मैंने पूरे कपड़े पहने हैं, आजकल आप लोग नंगा, नुंगा ही लेते हो


### - प्लेबैक सिंगर नेहा भसीन ने पैपराजी की कर दी बोलती बंद, वीडियो वायरल



मुंबई,(ए.)। नेहा भसीन प्लेबैक सिंगर हैं। वह अपने गानों के साथ अपने फैशन को लेकर भी खबरों में बनी रहती हैं। इसी बीच नेहा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। इस वीडियो में नेहा पैपराजी से कुछ ऐसा कहती हैं, जिससे उनकी बोलती बंद हो जाती है। सिंगर का ये वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है। नेहा भसीन बुधवार को मुंबई में स्पॉट हुईं। नेहा को देखते ही पैपराजी ने उन्हें अपने कैमरे में कैद कर लिया। नेहा ने इस दौरान व्हाइट कलर की टी-शर्ट और भूरे रंग की शॉट्र्स पहनी थी। बिना मेकआप में नेहा को पैपराजी जैसी ही कैमरे में कैद करने के लिए उनके पीछे आने लगते हैं, नेहा कहती हैं, जब तक कोई छोटे कपड़े नहीं पहनेंगे आप कुछ डालने तो वाले नहीं हो। आज मैंने पूरे कपड़े पहने हैं। आज कल आप सब लोग नंगा, नुंगा ही लेते हो। नेहा की ये बात सुनकर पैपराजी भी हक्के-बक्के रह गए।

नेहा के पैपराजी संग बातचीत का यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इसके सामने आते ही नेटिजेंस इस पर कमेंट्स कर रहे हैं। एक तरफ जहां कई यूजर्स नेहा भसीन की बात का समर्थन कर रहे हैं। वहीं, दूसरी तरफ कई उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट में लिखा- अच्छा कहा। एक दूसरा लिखता है मैं इन्हें पसंद नहीं करता, लेकिन इन्होंने सही कहा। ऐसे कई कमेंट्स इस वीडियो पर आ रहे हैं।

# जान्हवी ने पीरियड्स के दर्द को कम आंकने वाले पुरुषों पर साधा निशाना



मुंबई (ईएमएस)। हाल ही में एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने महिलाओं के पीरियड्स के दर्द को कम आंकने वाले पुरुषों पर निशाना साधा। जान्हवी का कहना है कि अगर मर्दों को पीरियड्स होते तो वे एक पल भी इस दर्द को सहन नहीं कर पाते, और शायद तब पूरी दुनिया में युद्ध जैसा माहौल बन जाता।

उन्होंने कहा कि कई बार जब महिलाओं का मूड खराब होता है या वे किसी बात पर बहस करती हैं, तो पुरुष उन्हें यह कहते हैं, क्या यह पीरियड्स का समय है? लेकिन जान्हवी का मानना है कि इस तरह की बातें महिलाओं के दर्द और भावनाओं को अनदेखा करने जैसी हैं। उनका कहना है, अगर आप सच में हमारी भावनाओं को समझते हैं तो आपको थोड़ा रुकना चाहिए, क्योंकि पीरियड्स का दर्द इतना गहरा होता है कि उसे शब्दों में नहीं कहा जा सकता। जान्हवी ने आगे कहा, यह बहुत अजीब और गलत नजरिया है, क्योंकि मैं आपको विश्वास दिलाती हूं, पुरुष इस दर्द और मूड स्विंग को एक मिनट भी सहन नहीं कर पाएंगे। अगर मर्दों को पीरियड्स होते तो शायद पूरी दुनिया में परमाणु युद्ध जैसा माहौल बन जाता।

जान्हवी का यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है और लोग इसे लेकर खूब चर्चा कर रहे हैं। जान्हवी कपूर की 2024 में तीन फिल्में रिलीज़ हुईं, जिनमें मिस्टर एंड मिसेज माही, उलझन और देवरा पार्ट 1 शामिल हैं। अब एक्ट्रेस अपनी अगली फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसके अलावा, उनकी फिल्म परम सुंदरी 2025 में रिलीज़ होगी। जान्हवी तेलुगू फिल्म पेड्डी में भी नजर आएंगी, जिसमें राम चरण, शिव राजकुमार, दिव्येंदु शर्मा और जगपति बाबू भी होंगे। पेड्डी 27 मार्च 2026 को रिलीज़ होने वाली है।

# 'महाभारत' पर काम शुरू करने जा रहे हैं आमिर खान



मुंबई (ए.)। हाल ही में एक इंटरव्यू में बालीवुड एक्टर आमिर खान ने खुलासा किया कि वह इस साल से 'महाभारत' पर काम शुरू करने जा रहे हैं। यह फिल्म उनका अब तक का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट साबित होने वाला है। उन्होंने बताया कि 'महाभारत' को मल्टीपल पार्ट्स में बनाया जाएगा, ठीक उसी तरह जैसे हॉलीवुड की मशहूर सीरीज 'लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' को पेश किया गया था। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस भव्य प्रोजेक्ट की स्क्रिप्टिंग में काफी समय लग सकता है क्योंकि कहानी को संजीदगी और विस्तार के साथ दर्शाना उनका प्राथमिक उद्देश्य है। फिल्म को लेकर आमिर ने यह भी कहा कि वह खुद इस प्रोजेक्ट को डायरेक्ट नहीं करेंगे। उन्होंने इसे एक मल्टी-डायरेक्टर प्रोजेक्ट बताया, जिसका निर्देशन कई फिल्ममेकर मिलकर करेंगे।

इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म के हर पार्ट पर एक अलग दृष्टिकोण और विशेषज्ञता के साथ काम किया जाएगा। वहीं, जब उनसे पूछा गया कि क्या वह खुद फिल्म में एक्टिंग करेंगे, तो आमिर ने कहा कि इस बारे में उन्होंने अभी कोई निर्णय नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि रोल्स का चयन टीम करेगी और इस बात का फैसला लिया जाएगा कि कौन सा कलाकार किस किरदार के लिए सबसे उपयुक्त होगा। आमिर खान आखिरी बार साल 2022 में फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' में नजर आए थे, जो हॉलीवुड फिल्म 'फॉरेस्ट गम्प' की आधिकारिक रीमेक थी। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।

अब आमिर फिल्म 'सितारे ज़मीन पर' में दिखाई देंगे, जो साल 2007 में आई सुपरहिट फिल्म 'तारे ज़मीन पर' का सीक्वल है। इस फिल्म का निर्देशन आर.एस. प्रसन्ना कर रहे हैं और इसमें आमिर के साथ दर्शील सफारी और जेनेलिया देशमुख भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे।

# फिल्म निकिता रॉय की रिलीज डेट का ऐलान



मुंबई (ए.)। साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म निकिता रॉय की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया गया है। फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा मुख्य भूमिका निभा रही हैं, उनके साथ अर्जुन रामपाल, परेश रावल और सुहैल नय्यर जैसे दमदार कलाकार नजर आएंगे।

यह फिल्म 30 मई, 2025 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हाल ही में फिल्म का एक नया पोस्टर भी जारी किया गया है, जिसमें इसकी ऑफिशियल रिलीज डेट का खुलासा किया गया है। निकिता रॉय का निर्देशन कुश एस. सिन्हा ने किया है। फिल्म का जॉनर साइकोलॉजिकल थ्रिलर है, जो ह्यूमन माइंड के ग्रे एरियाज और रहस्यमय परतों को सामने लाने का दावा करती है। फिल्म का निर्माण निकिता पाई फिल्म्स लिमिटेड के बैनर तले हुआ है। इसका नेतृत्व किंजल अशोक घोने ने किया है और इसमें निक्की खेमचंद भगनानी, विक्की भगनानी, अंकुर टकरानी, दिनेश रतिराम गुप्ता और क्रेटोस एंटरटेनमेंट ने सहयोग दिया है। फिल्म की कहानी और स्क्रीनप्ले पवन कृपलानी ने लिखा है, जो थ्रिलर जॉनर के लिए जाने जाते हैं। फिल्म के निर्माता निक्की और विक्की भगनानी ने अपनी उत्सुकता साझा करते हुए कहा, यह फिल्म हमारे दिल के बेहद करीब है। यह उन विषयों को छूती है जो आमतौर पर मेनस्ट्रीम सिनेमा में नहीं दिखते।

फिल्म की कहानी, शानदार कास्ट और कुश एस सिन्हा का अलग विजन इसे एक मस्ट-वॉच बनाता है। हमें पूरा भरोसा है कि दर्शक इस तरह के कंटेंट के लिए तैयार हैं। रहस्य, थ्रिल और मनोवैज्ञानिक गहराईयों से भरपूर यह फिल्म 2025 की सबसे रोचक थ्रिलर्स में से एक मानी जा रही है। दर्शकों के बीच इस फिल्म को लेकर उत्साह पहले से ही देखने को मिल रहा है। निकिता रॉय को आनंद मेहता, प्रकाश नंद बिजलानी, शक्ति भटनागर, मेहनाज़ शेख और प्रेम राज जोशी ने को-प्रोड्यूस किया है।

# आम खरीदते समय इन 5 बातों का रखें खास ध्यान, होगा फायदा



गर्मियों के दौरान आने वाले आम को फलों का राजा माना जाता है। यह न केवल स्वादिष्ट और रसीला है, बल्कि कई जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर भी होता है। आम में विटामिन-सी, विटामिन-ए, फाइबर और एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद हैं। आम का सेवन शरीर को ठंडक पहुंचाने के साथ-साथ पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में भी मदद कर सकता है। आइए आम खरीदते समय ध्यान रखने योग्य बातें जानते हैं।

## हरा आम न खरीदें

आम खरीदते समय उसके रंग पर ध्यान देना जरूरी है।

हरा आम पका हुआ नहीं होता है इसलिए इसे खाने से अच्छा है कि पका और पीले रंग वाला आम ही खरीदें। पके आम में पीले और लाल रंग के धब्बे होते हैं। ये धब्बे न केवल आम की मिठास को बढ़ाते हैं, बल्कि इसके स्वाद को भी बढ़ाते हैं। ऐसे आम खाने में और भी ज्यादा स्वादिष्ट होते हैं।

## गूदे की बनावट पर दें ध्यान

आम के गूदे की बनावट भी अहम होती है।

अगर गूदे के अंदर काले धब्बे हों या फिर वह दरदरा हो तो इसे खरीदने से बचें। इस तरह के आम की गुणवत्ता अच्छी नहीं होती और यह खाने में अच्छा नहीं लगता है।

बेहतर होगा कि आप चिकनी और मुलायम गूदे वाले आम को ही प्राथमिकता दें। इससे आपको पका और मीठा आम खाने को मिलेगा, जो आपके स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होगा।

## सुगंध पर दें ध्यान

आम की खुशबू भी उसकी गुणवत्ता को दर्शाती है। पके हुए आम से मीठी और आकर्षक खुशबू आती है, जो आपको दूर से ही महसूस होती है।

अगर आम में से अच्छी खुशबू आ रही हो तो समझ जाइए कि वह पका हुआ है और इसे खरीदना चाहिए।दूसरी ओर अगर आम में से कोई खास सुगंध नहीं आ रही हो तो उसे खरीदने से बचें। इससे आपको स्वादिष्ट और ताजगी भरा फल मिलेगा।

## आकार पर दें ध्यान

आम खरीदते समय उसके आकार पर भी ध्यान देना चाहिए। गोल या अंडाकार आकार वाले आम ही अच्छे होते हैं।लंबे आकार वाले आम अक्सर कच्चे निकलते हैं, जिनमें मिठास कम होती है और ये खाने में अच्छे नहीं लगते। इसलिए हमेशा गोल या अंडाकार आकार वाले पके आम ही चुनें ताकि आपको स्वादिष्ट और ताजगी भरा फल मिले।इस तरह आप अपने परिवार के लिए बेहतरीन आम चुन सकते हैं।

## कीमत पर ध्यान दें

आम खरीदते समय उसकी कीमत पर भी ध्यान देना चाहिए।बाजार में अलग-अलग किस्मों के आम उपलब्ध होते हैं, जिनकी कीमत भी अलग-अलग होती है।

महंगे आम हमेशा बेहतर गुणवत्ता वाले नहीं होते हैं इसलिए अपनी बजट अनुसार ही आम खरीदें। इन पांच बातों का ध्यान रखकर आप आसानी से अच्छे आम खरीद सकते हैं, जो आपके स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होंगे और आपके परिवार को खुश रखेंगे।

# किशोरों का जल्दी सोकर देर से उठने पर तेज होता है दिमाग, अध्ययन में हुआ खुलासा



हमेशा से हमें जल्दी सोकर सुबह जल्दी उठने की सलाह मिली है, लेकिन हाल ही में सामने आए एक अध्ययन से पता चला है कि अगर किशोर जल्दी सो जाते हैं और अधिक समय तक सोते हैं तो उनका दिमाग तेज होता है।

इसके अतिरिक्त वे अन्य की तुलना में संज्ञानात्मक परीक्षणों में भी बेहतर प्रदर्शन कर पाते हैं।

आइए इस अध्ययन के बारे में विस्तार से जानते हैं।

## 3,000 से अधिक किशोरों पर किया गया अध्ययन

यह अध्ययन 3,000 से अधिक किशोरों पर किया गया, जिससे पता चला है कि जो किशोर सबसे पहले सो जाते हैं और लंबे समय तक सोते हैं, साथ ही जिनकी नींद के दौरान हृदय गति कम होती है, वे पढ़ने, शब्दावली, समस्या समाधान और अन्य मानसिक परिक्षणों में दूसरों से बेहतर प्रदर्शन करते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, 13 से 18 वर्ष के बच्चों को 8-10 घंटे की नींद लेनी चाहिए।

इस तरह से किया गया अध्ययन

इस अध्ययन में शामिल प्रतिभागियों के मस्तिष्क स्कैन, संज्ञानात्मक परीक्षण किया गया और फिटबिट का इस्तेमाल करके उनकी नींद को ट्रैक किया गया।

किशोरों को तीन समूहों में बांटा गया। पहला समूह में से 39 प्रतिशत रात में 7 घंटे और 10 मिनट सोएं, जबकि दूसरे समूह में से 24 प्रतिशत किशोर 7 घंटे और 21 मिनट सोएं।

तीसरे समूह में शामिल 37 प्रतिशत किशोर 7 घंटे और 25 मिनट सोएं। साथ ही नींद में हृदय गति भी कम थी।बेहतर नींद से होता है संज्ञानात्मक क्षमताओं का विकास- बारबरा साहकियन

कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में क्लिनिकल न्यूरोसाइकोलॉजी की प्रोफेसर बारबरा साहकियन ने कहा, हमें लगता है कि नींद बेहतर संज्ञानात्मक क्षमताओं को प्रेरित करती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि हम नींद के दौरान अपनी यादों को मजबूत करते हैं।शंघाई में फुडन विश्वविद्यालय के साहकियन की टीम और शोधकर्ताओं ने किशोर मस्तिष्क संज्ञानात्मक विकास अध्ययन में 3,222 युवाओं के डेटा का विश्लेषण किया, जो अमेरिका में मस्तिष्क विकास और बाल स्वास्थ्य पर सबसे बड़ी दीर्घकालिक जांच है।

## नींद में मामूली अंतर भी डाल सकता है शरीर पर बड़ा प्रभाव

साहकियन ने कहा कि यह आश्चर्यजनक था कि नींद में मामूली अंतर का इतना प्रभाव पड़ा।

उन्होंने आगे कहा, यह अध्ययन सुझाव देता है कि नींद की मात्रा में छोटे अंतर समय के साथ परिणामों में बड़ा अंतर पैदा कर सकते हैं।यॉर्क विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान के प्रोफेसर गैरेथ गैसकेल ने कहा कि वह किशोरावस्था से जुड़े अध्ययनों के तरीके को और अधिक देखना चाहते हैं ताकि वे उन किशोरों की मदद कर सकें, जिनका नींद पैटर्न शायद कमजोर हो।

## मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज ने रोहित शर्मा को लेकर कह डाली ये बड़ी बात, फैंस ने जताई खुशी

हैदराबाद (ए)। मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने अनुभवी सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा की प्रशंसा की है, जिन्होंने लगातार दो अर्धशतक जड़कर पांच बार की चैंपियन टीम को आईपीएल 2025 में प्लेऑफ की दौड़ में वापस ला दिया है।

सनराइजर्स हैदराबाद पर मुंबई इंडियंस की सात विकेट की शानदार जीत के बाद, बोल्ट ने रोहित को विश्व स्तरीय खिलाड़ी बताया, जिसका फॉर्म टीम के रिकॉर्ड छठे खिताब की तलाश में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। मैच के बाद मीडिया से बातचीत में बोल्ट ने कहा, मुझे लगता है कि पूरी मुंबई इंडियंस टीम में कुछ विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं और जाहिर तौर पर रोहित को इस संबंध में किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि हर कोई किसी न किसी मौके पर योगदान देना चाहता है, लेकिन रोहित हाल ही में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और सही समय पर अच्छा खेल रहे हैं। इसलिए वह सीजन के बाकी बचे हिस्से में हमारे लिए बड़ी भूमिका निभाने जा रहे हैं। मुझे लगता है कि आपको किसी भी भूमिका के लिए तैयार रहने की जरूरत है।

रोहित ने 46 गेंदों पर 70 रन की शानदार पारी खेली, जिससे मुंबई ने 15.4 ओवर में 144 रनों का मामूली लक्ष्य हासिल कर लिया। इससे पहले बोल्ट ने नई गेंद से 4-26 विकेट लिए थे, जिससे एसआरएच का शीर्ष क्रम ध्वस्त हो गया था। इस जीत ने न केवल मुंबई की प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखा, बल्कि उनके नेट रन रेट को भी काफी हद तक बढ़ाया, जिससे वे अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गए। बोल्ट ने कहा कि वह नए कप्तान हार्दिक पांड्या के नेतृत्व में अपने समय का आनंद ले रहे हैं। हार्दिक एक जोशीले क्रिकेटर हैं। वह आगे बढ़कर नेतृत्व करते हैं और अच्छी तरह से संवाद करते हैं। वह मेरे पसंदीदा भारतीय क्रिकेटरों में से एक हैं और उनके नेतृत्व में खेलना एक ताजा अनुभव है। उन्होंने कहा, राजस्थान में मैं मैच के किसी भी चरण में गेंदबाजी करने के लिए तैयार था। मैं 10 आईपीएल सीजन खेलने के लिए काफी भाग्यशाली रहा हूं, जहां हर बार एक ही तरह की रेसिपी नहीं रही। इसलिए मुझे लगता है कि पहली बात यह है कि आपको हमेशा गेंद पर नियंत्रण रखना चाहिए। टीम में कुछ बेहतरीन खिलाड़ी हैं। जाहिर है, (जसप्रीत) बुमराह को भी किसी परिचय की जरूरत नहीं है, इसलिए उनके पास फिर से गेंद होना बहुत अच्छा है।

## आईपीएल 2025 : बुमराह ने की मुंबई इंडियंस के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने के मलिंगा के रिकॉर्ड की बराबरी

हैदराबाद (ए)। भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास में अपना नाम दर्ज कराते जा रहे हैं। हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में आईपीएल 2025 के 41वें मैच में बुमराह ने एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की, उन्होंने मुंबई इंडियंस (एमआई) के लिए सबसे अधिक विकेट लेने के लसिथ मलिंगा के लंबे समय से चले आ रहे रिकॉर्ड की बराबरी की।

लगभग एक दशक से मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी आक्रमण की रीढ़ रहे बुमराह ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपने स्पेल की अंतिम गेंद पर यह उपलब्धि हासिल की, जब उन्होंने खतरनाक हेनरिक क्लासेन को आउट किया। मैच में बुमराह का यह एकमात्र विकेट था। लेकिन यह विकेट ऐतिहासिक साबित हुआ। बुमराह ने मुंबई इंडियंस के लिए 170 विकेट लिए और दिग्गज मलिंगा की बराबरी की। यह मैच बुमराह का मुंबई के लिए 138वां आईपीएल मैच था। इस सीजन में मुंबई ने अपने गेंदबाजों के साथ रोटेशन नीति अपनाई।

## जायंट्स के पास अभी भी है प्लेऑफ में पहुंचने का अवसर

मुम्बई (ए)। इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल में टीमों ने आधे से अधिक लीग मैच खेल लिए हैं और अब प्लेऑफ के लिए सभी टीम अपना जोर लगा रही हैं। गुजरात टाइटंस पहले और दिल्ली कैपिटल्स दूसरे जबकि रॉयल चैलेंजस बेंगलुरु तीसरे स्थान पर है। वहीं पंजाब किंग्स चौथे नंबर पर है। इन चारों के अलावा पांचवे नंबर पर चल रही लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम भी प्लेऑफ की दावेदार बनी हुई है हालांकि दिल्ली कैपिल्स से मिली हार के बाद उसे झटका लगा है।




जायंट्स ने अब तक ने अब तक 9 मैच खेलने के बाद 5 जीत से कुल 10 अंक हासिल किए हैं। टीम के पास अभी 5 मुकाबले बचे हैं जिसमें उसको कम से कम चार जीत की जरूरत होगी। अगर 18 अंक तक लखनऊ की टीम पहुंच जाए तो उसकी जगह शीर्ष 4 में लगभग पक्की हो जाएगी। अगले चार मैच में जीत के बाद नेट रन रेट के सहारे टीम अगले दौर में जगह बना सकती है। दिल्ली कैपिटल्स से मिली हार के बाद अब लखनऊ की टीम का अगला मुकाबला 27 अप्रैल को मुंबई इंडियंस से होगा। इसके बाद पंजाब किंग्स के साथ वह खेलेगी। इन दोनों मुकाबलों के बाद लखनऊ के प्लेऑफ में पहुंचने की स्थिति स्पष्ट होगी। इसके बाद रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु, गुजरात टाइटंस और आखिरी लीग मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से टीम को खेलना है। इस समय अंक तालिका में गुजरात टाइटंस की टीम 8 में से 6 मैच जीतकर शीर्ष पर है। वहीं दिल्ली कैपिटल्स की टीम नेट रन रेट के आधार पर दूसरे नंबर पर है। वहीं 8 मैच में 5 जीत से 10 अंक लेकर आरसीबी की टीम तीसरे नंबर पर है। इतने ही मुकाबले और जीत के साथ पंजाब किंग्स चौथे नंबर पर है।

## रोहित को अर्धशतकीय पारी के लिए मिला विशेष अवार्ड



मुम्बई (ए)। मुम्बई इंडियंस के अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपनी अर्धशतकीय पारी के लिए विशेष इनाम मिला है। इस मैच में रोहित की 70 रनों की पारी से मुम्बई इंडियंस को इस मैच में शानदार जीत मिली जिससे वह अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गयी है। रोहित ने पिछले मैच में अर्धशतक लगाया था। इस प्रकार लगातार दो मैचों में जीत में उनकी भूमिका रही है। इसी कारण टीम कके ड्रेसिंग रूम में उन्हें विशेष अवार्ड दिया गया। मुंबई इंडियंस फ्रेंचाइजी अपने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए ड्रेसिंग रूम में एक समारोह भी आयोजित करती है। इस समारोह में ही रोहित को सम्मानित किया गया।

रोहित मुंबई इंडियंस के इस वीडियो में कहते नजर आ रहे हैं, हम जो करते आ रहे हैं आगे भी वही करेंगे। मैच से पहले मैंने हर्डल में बात की थी कि हमें निरंतर रूप से चीजें करनी होगी। इसी का फल मिला है। हमें आगे भी ऐसा ही करना होगा।रोहित ने इससे पहले वानखेड़े के अपने घरेलू मैदान पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ अर्धशतक लगाया था। सन 2016 के बाद यह पहला अवसर है जब रोहित ने लगातार 2 अर्धशतक लगाये हैं।

## सीएसके के खराब प्रदर्शन से चिन्तित नहीं : विश्वनाथन

नई दिल्ली (ए)। आईपीएल में इस बार पांच बार की चैम्पियन चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) अपने खराब प्रदर्शन के लिए प्रशंसकों के निशाने पर है। सुरेश रेना सहित कई क्रिकेटरों का कहना है कि टीम में जीत की भूख नहीं है। वहीं टीम के सीईओ काशी विश्वनाथन ने कहा कि आईपीएल मुकाबले केवल एक खेल है। एक फ्रेंचाइजी के तौर पर सीएसके कभी नहीं घबराती और अपने प्रदर्शन को लेकर परेशान नहीं है। सीएसके इस सत्र में लगातार मिली हार के बाद अंक तालिका में सबसे नीचे है। टीम की बल्लेबाजी कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के बाहर होने के बाद कमजोर हुई है। सीएसके के सीईओ ने अपनी टीम के प्रदर्शन के बारे में कहा, 'हम उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं। हम सुधार करने की कोशिश कर रहे हैं और हम अगले कुछ मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन करने के प्रयास करेंगे। हम अपनी फ्रेंचाइजी के प्रदर्शन को लेकर कभी घबराते नहीं, यह सिर्फ एक खेल है।

गायकवाड़ की अनुपस्थिति में महेंद्र सिंह धोनी टीम की कमान संभाल रहे हैं पर मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि उनके पास कोई जादू की छड़ी नहीं है जिससे वे रातों-रात टीम के प्रदर्शन को बदल देंगे। मुंबई इंडियंस से हार के बाद सुपरकिंग्स को प्ले ऑफ की उम्मीद जीवंत रखने के लिए अपने बाकी बचे सभी मुकाबले जीतने होंगे। वहीं धोनी को लेकर विश्वनाथन ने कहा, 'देखिए, यह किसी एक का सवाल नहीं है। यह सवाल है कि टीम को अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए, ना कि सिर्फ एक व्यक्ति को। हम टीम प्रबंधन से बात नहीं करते। धोनी वही करेंगे जो टीम के लिए सही होगा।।

## आईपीएल में सीएसके और सनराइजर्स के बीच मुकाबला आज

### हारने वाली टीम प्लेऑफ की दौड़ से होगी बाहर

चेन्नई (ए)। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच शुक्रवार को यहां आईपीएल मुकाबले में कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। दोनो ही टीमों केलिए ये मैच बेहद अहम है। इसमें जो भी हारेगी वह प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो जाएगी। सनराइजर्स और सीएसके का प्रदर्शन इस आईपीएल सत्र में बेहद खराब रहा है। दोनो ही टीमें दो-दो मैच जीती है और आईपीएल अंक तालिका में अंतिम दो स्थानों पर हैं। इन दोनों टीमों के आठ मैच में चार अंक हैं और अगर उन्हें प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी संभावनाएं बनाये रखनी हैं तो अपने बचे हुए सभी मैच जीतने होंगे।

सीएसके की टीम अपने घरेलू मैदान पर खेलेगी पर इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा क्योंकि अब तक उसके बल्लेबाज और गेंदबाज घरेलू विकेट का लाभ नहीं उठा पाये हैं। सीएसके ने स्पिनर नूर अहमद की गेंदबाजी के बल पर पहले ही मैच में मुंबई इंडियंस को हराकर जीत के साथ अच्छी शुरुआत की थी पर इसके बाद उसकी टीम को अपने घरेलू मैदान पर तीन बार हार झेलनी पड़ी थी। इसी कारण उसके कोच ने भी पिच की आलोचना की थी। यहां का विकेट स्पिनरों के लिए सहायक रहा है पर इस बार यहां तेज गेंदबाजों को सहायता मिल रही है जिससे बल्लेबाजों को रनों के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। टीम को बाहर के मैदानों पर भी परेशानी का सामना



करना पड़ा है। उसे दूसरे मैदानों पर खेले गए चार मैच में से केवल एक मैच में ही जीत मिली है। इस कारण बल्लेबाजों और गेंदबाजों का खराब प्रदर्शन बताया जा रहा है। नियमित कप्तान रुतुराज गायकवाड के चोटिल होने के कारण बाहर होने से भी उसकी मुश्किलें बढ़ी हैं।

वहीं अब टीम की कप्तानी संभाल रहे महेंद्र सिंह धोनी किस प्रकार टीम को आगे ले जाते हैं ये देखना होगा। डेथ ओवरों की उनकी बल्लेबाजी तथा मैच के अहम क्षणों में लिए जाने वाले फैसले टीम को वापसी दिलाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। चेन्नई के लिए 17 साल के आयुष म्हात्रे पर भी सभी की नजरें रहेंगी । इस युवा बल्लेबाज ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ जबरदस्त बल्लेबाजी की थी। सीएसके ने बल्लेबाजी को मजबूत करने के लिए दक्षिण अफ्रीका के युवा बल्लेबाज डेवाल्डब्रेविस को भी अपनी टीम में शामिल किया है। दूसरी ओर सनराइजर्स की हालत भी सही नहीं है। टीम की ताकत बल्लेबाजी मानी जाती है पर उसी में टीम इस बार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पायी है। टीम की गेंदबाजी भी प्रभावहीन है। पिछले सत्र में शानदार प्रदर्शन करने वाले ट्रैविस हेड का बल्ला इस बार खामोश है। अभिषेक शर्मा ने अब तक अच्छी बल्लेबाल की है और एक मैच में 141 रन भी बनाये थे पर वह हर मैच में रन नहीं बना सकते। मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने भी स्वीकार किया है कि उनके मध्यक्र के बल्लेबाज साझेदारी बनाने में असफल रहे हैं। इसके अलावा गेंदबाजा भी विरोधी टीम पर अंकुश नहीं लगा पाये हैं। ऐसे में ये मुकाबला करीबी हो सकता है। सीएसके की बल्लेबाज रचिन रवींद्र, शिवम दुबे और कप्तान धोनी पर अधारित रहेगी जबकि गेंदबाजी की कमान मुकेश कुमार वह स्पिनर आर अश्विन के पास रहेगी। सनराइजर्स की बल्लेबाजी हेड और अभिषेक के अलावा हेनरिक क्लासेन पर आधारित है। उसकी गेंदबाजी जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा के अलावा राहुल चाहर पर आधारित है।

# विदेश समाचार

## यूएस ने अपने नागरिकों के लिए चेतावनी जारी की, जम्मू-कश्मीर की यात्रा न करने की दी सलाह

*वाशिंगटन (ए)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद अमेरिकी विदेश विभाग ने अपने नागरिकों को जम्मू-कश्मीर की यात्रा न करने की सलाह दी है। एडवाइजरी में कहा गया है कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत के कई शहर हाई अलर्ट पर हैं।*

*अमेरिका ने दी चेतावनी*

*अमेरिकी विदेश विभाग ने अपनी सलाह में कहा है कि अमेरिकी नागरिकों को ये याद दिलाया जाता है कि विदेश विभाग ने जम्मू-कश्मीर के लिए यात्रा न करने की सलाह जारी की है। इसमें कहा गया है कि जम्मू और कश्मीर में आतंकी हमले और हिंसक नागरिक अशांति संभव है। बता दें, भारत ने बुधवार को पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सीमापार संबंधों के मद्देनजर 1960 की सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया तथा पाकिस्तान के साथ राजनयिक संबंधों को कम करने की घोषणा की, जिसमें उसके सैन्य राजनयिकों को भारत से बाहर करना भी शामिल है। भारत ने अटारी चेक पोस्ट को तत्काल प्रभाव से बंद करने का भी फैसला किया है। इसके अलावा, देश ने सार्क वीजा छूट योजना (SVES) के तहत जारी किए गए सभी वीजा को रद करने का फैसला किया है और पाकिस्तान के नागरिकों को 48 घंटे के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया है।*

## भारत ने पानी रोका तो सिंधु में जल नहीं अब खून बहेगा : हाफिज सईद



इस्लामाबाद (ए.)। कुख्यात आतंकी सरगना हाफिज सईद का एक पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। हाफिज के वीडियो को हथियार बनाकर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई भारत को खुली धमकी दे रही है। वीडियो में हाफिज सईद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम लेकर जहर उगल रहा है। इसमें वह कहता है कि अगर भारत ने पानी रोका, तो 'दरियाओं में खून बहेगा।' ये धमकी ऐसे समय में आई है, जब भारत ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान पर कड़े प्रतिबंध लगाए, जिसमें सिंधु जल समझौते पर रोक भी शामिल है।

हालांकि ये वीडियो पुराना है, लेकिन इसे मौजूदा हालात में वायरल करना पाकिस्तान की नई साजिश का हिस्सा माना जा रहा है। इस वीडियो के जरिए पाकिस्तान भारत को उकसाने और जम्मू-कश्मीर में अशांति फैलाने की कोशिश कर रहा है। हाफिज सईद की धमकी कि 'पानी रुकेगा तो खून बहेगा' आने वाले दिनों में कश्मीर में और आतंकी हमलों की आशंका को बढ़ाती है। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी ने सोशल मीडिया पर हाफिज सईद का एक पुराना वीडियो वायरल किया है, जिसमें वह भारत के खिलाफ जहर उगल रहा है। वीडियो में हाफिज सईद कहता है, 'तू कहता है कि पाकिस्तान का पानी रोकेंगे, कश्मीर में डैम बनाकर पानी रोकोगे, पाकिस्तान को तबाह करना चाहता है, सीपीईसी के मंसूबों को नाकाम करना चाहता है। अगर तू पानी बंद करेगा, हम तेरी सांसें बंद करेंगे। इन दरियाओं में फिर खून बहेगा।' वह यह भी कहता है कि पीएम मोदी ढाका में खड़े होकर कह रहे हैं कि उन्होंने बांग्लादेश बनाने के लिए खून बहाया और इस्लामाबाद पर दबाव डाल रहे हैं कि हाफिज सईद चुप रहे।

## 35 सालों से लगातार काम कर रहा है हबल स्पेस टेलीस्कोप, नासा ने जारी की ब्रह्मांड की अद्भुत तस्वीरें

न्यूयॉर्क (ए)। नासा ने हबल स्पेस टेलीस्कोप की 35वीं वर्षगांठ के मौके पर कुछ बेहद शानदार और हाई-डेफिनिशन तस्वीरें जारी की हैं, जो हमारे सौरमंडल के ग्रहों से लेकर दूर-दराज की आकाशगंगाओं तक की झलक दिखाती हैं।नासा के मुख्यालय में खगोलभौतिकी विभाग के कार्यकारी निदेशक शॉन डोमागल-गोल्डमैन ने कहा, हबल ने 35 साल पहले ब्रह्मांड को देखने की एक नई खिड़की खोली थी। इसकी अद्भुत तस्वीरों ने दुनियाभर के लोगों को प्रेरित किया और इसके पीछे छिपे डेटा ने प्रारंभिक आकाशगंगाओं से लेकर हमारे सौरमंडल के ग्रहों तक कई चौंकाने वाले रहस्य उजागर किए।

## कुत्तों की औलादो', हमास पर ही फूटा फिलिस्तीनी राष्ट्रपति का गुस्सा; बंधकों को तुरंत रिहा करने को कहा

फिलस्तीन,(आरएनएस) । फिलस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने हमास पर अब तक की सबसे कड़ी सार्वजनिक टिप्पणी करते हुए उसे 'कुत्तों की औलाद' कह कर संबोधित किया है। उन्होंने गाजा में जारी इजरायली हमलों को रोकने के लिए हमास से तुरंत हथियार छोड़ने और बंधकों को रिहा करने का आह्वान किया है।

सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, अब्बास ने अपने टेलीविजन भाषण में कहा कि इजरायल को हमले का बहाना बंधकों की मौजूदगी से मिल रहा है, इसलिए उनकी रिहाई आवश्यक है। उन्होंने हमास को सीधे संबोधित करते हुए कहा, बंधकों को रिहा करो और इजरायल को हमले का जस्टिफिकेशन देना बंद करो।इजरायल ने जहां गाजा में नरसंहार के आरोपों को खारिज करते हुए इसे आत्मरक्षा बताया है, वहीं राष्ट्पति अब्बास की यह बयानबाजी युद्धविराम वार्ता के बीच हमास के लिए बड़ा झटका मानी जा रही है। इससे पहले मिस्र ने भी हमास को हथियार डालने का सुझाव दिया था। अब्बास ने 7 अक्टूबर को इजरायल पर हुए हमास के हमले की निंदा करते हुए फिलस्तीनी मुक्ति संगठन (PLO) के तहत सभी गुटों से एकजुट होने और फलस्तीनी स्वतंत्रता के लिए साझा प्रयास करने की अपील की है।


## इस्तांबुल में भूकंप, 151 लोग घायल - गवर्नर कार्यालय

इस्तांबुल ,(आरएनएस) । इस्तांबुल के गवर्नर कार्यालय ने बताया कि बुधवार को आए 6.2 तीव्रता के भूकंप के दौरान घबराहट और बिल्डिंग से कूदने की घटनाओं के कारण 151 लोग घायल हो गए।

कार्यालय ने बताया कि घायल व्यक्तियों का फिलहाल अस्पतालों में इलाज चल रहा है और उनकी स्थिति ठीक है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार स्थानीय समयानुसार अपराह्न 3:30 बजे तक किसी के मरने की खबर नहीं है।गवर्नर कार्यालय ने पुष्टि की है कि फतिह जिले में एक इमारत को छोड़कर, पूरे शहर में कोई भी आवासीय इमारत नहीं गिरी है।

कार्यालय के अनुसार, ऊर्जा आपूर्ति, प्राकृतिक गैस वितरण, या पेयजल एवं सीवेज अवसंरचना में कोई व्यवधान नहीं आया है, जिससे दैनिक जीवन पर प्रभाव पड़े। भूकंप के बीच पार्कों, स्कूल के मैदानों और अन्य खुले क्षेत्रों में लोग जमा हो गए। कुछ लोगों ने पार्कों में टेंट लगा लिए। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तय्यिप एर्दोगान ने राष्ट्रीय संप्रभुता एवं बाल दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, भगवान का शुक्र है कि फिलहाल कोई समस्या नहीं है। ईश्वर हमारे देश और हमारे लोगों को सभी प्रकार की विपत्तियों, आपदाओं, दुर्घटनाओं और परेशानियों से बचाए।संचार निदेशालय के अनुसार, तुर्की के राष्ट्रपति को इस्तांबुल के गवर्नर से भूकंप के बारे में जानकारी मिली।गृह मंत्री अली येरलिकाया ने बताया कि भूकंप लगभग 7 किमी (4.3 मील) की गहराई पर आया तथा 13 सेकंड तक रहा।इससे पहले दिन में, आपदा एवं आपातकालीन प्रबंधन प्रेसीडेंसी ने घोषणा की कि भूकंप का केंद्र इस्तांबुल के यूरोपीय हिस्से में सिलिवरी जिले में मरमारा सागर में 6.92 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था।तुर्की में भूकंप अक्सर आते रहते हैं, क्योंकि यह दो प्रमुख फॉल्ट लाइनों से होकर गुजरता है। फरवरी 2023 में 7.8 तीव्रता के भूकंप और दूसरे शक्तिशाली झटके के कारण 53,000 से अधिक लोग मारे गए और दक्षिणी तथा दक्षिण-पूर्वी तुर्की में लाखों इमारतें नष्ट हो गईं या क्षतिग्रस्त हो गईं।पड़ोसी देश सीरिया के उत्तरी भागों में 6,000 से अधिक लोग मारे गए। हालांकि इस्तांबुल में उस भूकंप से हुई तबाही से काफी हद तक बचाव हो गया, लेकिन इससे भविष्य में इसी तरह की, उतनी ही विनाशकारी घटना की आशंका बढ़ गई।

## भारत ने हमला किया जो एकजुट हो जाएंगे पाकिस्तान के सभी दल



इस्लामाबाद (ए.)। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान काफी डरा हुआ है उसे लग रहा है कि भारत हमला कर सकता है। पाकिस्तान के पूर्व मंत्री चौधरी फवाद हुसैन मुल्क ने कहा है कि अगर भारत हमला करने की कोशिश करता है, तो राजनीतिक दलों को एकजुट होना चाहिए। रिपोर्ट्स के अनुसार, हुसैन ने लिखा, पाकिस्तान राजनीतिक रूप से बंटा हुआ है, लेकिन एक राष्ट्र के तौर पर हम एक साथ खड़े हैं। अगर भारत की तरफ से धमकी दी जाती है या हमला किया जाता है, तो सभी ग्रुप पीएमएल-एन, पीपीपी, पीटीआई, जेयूआई और अन्य हमारे मुल्क की सुरक्षा के लिए पाकिस्तान झंडे के तहत एकसाथ आगे बढ़ेंगे।

इससे पहले इधर भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीडीएस अनिल चौहान, तीनों सेनाओं के प्रमुख और सेना के मिलिट्री ऑपरेशन के महानिदेशक के साथ बैठक की। सूत्रों ने बताया, बैठक में रक्षा मंत्री ने सैन्यबलों को आतंक के खिलाफ लड़ाई को तेज करने का निर्देश दिया है। बैठक में सैन्य अधिकारियों ने रक्षा मंत्री को बताया कि आतंकियों की तलाश में अतिरिक्त सैन्यबलों को तैनात किया गया है। इसके पहले फवाद ने कहा था, भारतीय कैबिनेट ने अपनी सुरक्षा बैठक पूरी कर ली है। उम्मीद करते हैं कि शांति बनी रहेगी और अधिकारी मीडिया के कारण पैदा हुए युद्धोन्माद के चलते लाखों लोगों की जान खतरे में नहीं डालेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को स्थिति का जायजा लेने और सरकार की रणनीति पर विचार-विमर्श करने के लिए सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में प्रधानमंत्री के अलावा गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल एवं वरिष्ठ नौकरशाह मौजूद थे।शाह ने प्रधानमंत्री को हमले के बारे में जानकारी दी तथा इस घटना के बाद उठाए गए कदमों पर चर्चा की।

## 2.5 लाख लो और फ्लाइट से उतरो, डेल्टा एयरलाइन ने अपने यात्रियों से क्यों कहा ऐसा ?

न्यूयॉर्क (ए)। देश में आए दिन विमान एयरलाइंस से जुड़ी अद्भुत घटनाएं सामने आती रहती हैं। इस बीच डेल्टा एयरलाइंस के विमान से जुड़ा एक अनोखा मामला सामने आया है। प्लेन यात्री ने इस घटना को लेकर बताया कि उसे फ्लाइट से उतरने के लिए 2.5 लाख का ऑफर दिया गया था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर bag_o नाम से जाने जाने वाले यूजर ने Reddit पर बताया कि आखिर हुआ क्या था। उन्होंने बताया कि यह घटना सोमवार को शिकागो ओहारे से सिएटल जाने वाली डेल्टा फ्लाइट में हुई। उन्होंने लिखा, मैंने शिकागो ओहारे से सिएटल जाने वाली डेल्टा फ्लाइट में सुबह 7:50 बजे बुकिंग कराई थी।

गेट एजेंट धीरे से यात्री के पास गया और...

यूजर ने बताया कि वह जोन 2 में बोर्डिंग पूरी कर चुका था, तभी एक गेट एजेंट चुपचाप आया और उसने 3,000 डॉलर के वाउचर के साथ दो स्वयंसेवकों को विमान से उतरने के लिए कहा। उन्होंने लिखा, कोई माइक नहीं, कोई बड़ी घोषणा नहीं मुआवजा 3,000 डॉलर है।

उन्होंने खुलासा किया कि दो यात्री दो वाउचर दे रहे थे - एक 2,000 (लगभग 1,71,000 रुपये) और दूसरा 1,000 (लगभग 85,000 रुपये)। उस व्यक्ति को लगा कि उस उड़ान में वे दो भाग्यशाली लोगों में से अकेले थे, लेकिन बाद में पता चला तकनीकी खामी के चलते बड़े विमान को छोटे प्लेन से रिप्लेस करना पड़ा। इस कारण एयरलाइन ने यात्रियों से स्वेच्छा से अपनी सीट छोड़ने के बदले में उन्हें पैसों का लालच दिया।

# भीषण गर्मी में गाँवों में रात्रिकालीन बिजली कटौती के विरोध में बिलकिसगंज सबडिविजन का ग्रामीणों ने किया घेराव

## किसान व समाजसेवी एम.एस.मेवाड़ा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन




सीहोर( निप्र)। सीहोर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती को लेकर दर्जनों गांव के ग्रामीण जनता ने ग्राम चंदेरी के किसान व समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा के नेतृत्व में बिलकिस गंज विद्युत केंद्र पर भारी तादाद में पहुंचकर विद्युत कटौती के खिलाफ नारे लगाये कि रात की बिजली कटौती बंद करो बंद करो के नारों के साथ विद्युत वितरण केंद्र बिलकिसगंज प्रबंधक को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें रात की बिजली कटौती बंद करने की मांग करते हुए बताया कि तीन दिनों से रात्रि 12:00 से लेकर 2:00 बजे रात तक विद्युत कटौती की जा रही है, जिसके कारण ग्रामीण जनता नींद हराम हो गई है। ऐसी भीषण गर्मी में बिजली के अभाव में रात्रिकालीन ग्रामीण जनता, बच्चे, बुजुर्ग, महिलाओं दुखी बीमारी का जीना हराम हो गया है। कई लोग भीषण गर्मी रात में लाइट न होने के कारण बीमार हो रहे। मलेरिया की बीमारी से ग्रस्त हो रहे हैं। बिजली कटोती के कारण ग्रामीण जनता का इतनी आक्रोशित है कि उन्होंने विद्युत मंडल सब स्टेशन बिलकिसगंज का जोरदार घेराव किया और रैली निकालते हुए जोरदार प्रदर्शन कर रात्रीकाली की बिजली कटौती बंद करने की मांग की है। इस मौके पर बिलकिसगंज के प्रीतम मेवाड़ा, ग्राम चंदेरी, बरखेड़ी, बडनगर, बमुलिया, ढाबला, हीरापुर, रामाखेड़ी, उलझावन, सागोनी, कुलांस कला, शीलखेड़ा, भीलखेड़ा, खड़ी, मावलीखेड़ा, हीरापुर जैसे दर्जनों गांव की ग्रामीण जनता ने मिलकर विद्युतमण्डल बिलकिसगंज सब स्टेशन का घेराव करते हुए रात्रीकालीन की बिजली कटौती बंद करने की मांग की और विद्युत मंडल के अधिकारी शिवराम पाली सहायक यांत्रिकीय विद्युत वितरण केंद्र बिलकिसगंज को माननीय मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन, जिसको विद्युत मंडल के अधिकारी श्री पाली के द्वारा सहस्त्र स्वीकारते हुए आवश्वस्त किया कि शीघ्र ही ज्ञापन प्रेषित किया जा है और आपकी मांग को शासन प्रशासन को अवगत कराया जाएगा।

## हितग्राहियों की ईकेवाईसी के लिए रात में लगाया जा रहे है कैंप

सीहोर (निप्र)। शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए समग्र पोर्टल पर हितग्राहियों की ई-केवाईसी करना अनिवार्य है। सीहोर जिले का कोई भी हितग्राही शासन की योजनाओं का लाभ पाने से वंचित न रहे, इसके लिए कलेक्टर बालागुरु के. ने जिले के सभी संबंधित अधिकारियों को नगरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के सभी हितग्राहियों की जल्द से जल्द शत प्रतिशत ई-केवाईसी कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर बालागुरु के. के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जनपद सीईओ, सीएमओ तथा संबंधित अधिकारियों को ई-केवाईसी के लिए कैंप लगाकर ई-केवाईसी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दिन में भीषण गर्मी के कारण कैंप लगाकर ई केवाईसी करना आसान नहीं है। इसलिए नागरिकों की सुविधा के लिए शाम और सुबह कैंप लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर तथा जिला पंचायत सीईओ के निर्देशों के उपरांत ग्रामीण अमले द्वारा कैंप लगाकर रात में भी ई केवाईसी का कार्य किया जा रहा है।

## शिव-शक्ति दिव्य अनुष्ठान में दस महाविद्याओं का आह्वान

### आज किया जाएगा प्रदोष पर खिचड़ी की प्रसादी का वितरण



सीहोर (निप्र)। शहर के सीवन तट पर हनुमान मंदिर गोपालधाम में शिव प्रदोष सेवा समिति के तत्वाधान में एक माह तक आयोजित होने वाले शिव शक्ति दिव्य अनुष्ठान वैशाख महापर्व के अंतर्गत दस महाविद्याओं के आह्वान के अलावा ग्यारस पर भगवान शिव का विशेष अभिषेक पंडित कुणाल व्यास के मार्गदर्शन में आधा दर्जन से अधिक विप्रजनों के द्वारा किया गया। ग्यारस के दिन यहां पर दस से अधिक विधान मंडल का निर्माण करते हुए पंडित श्री व्यास के मार्गदर्शन में श्रद्धालुओं को बताया कि दस महाविद्याएं देवी दुर्गा के दस अलग-अलग रूप हैं जो ज्ञान, शक्ति और मुक्ति का प्रतीक हैं। इन्हें काली, तारा, त्रिपुर सुंदरी, भुवनेश्वरी, छिन्नमस्ता, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी, भैरवी और कमला के नाम से जाना जाता है। इन महाविद्याओं का आह्वान करके, साधक विभिन्न प्रकार की सिद्धियों और मुक्ति प्राप्त कर सकता है। देवी सती के 10 स्वरूपों को दस महाविद्याओं के नाम से जाना जाता है। नवरात्रि के दिनों में इन अलग-अलग मनोकामनाओं के लिए अलग-अलग विद्याओं की साधना की जाती है।

## जिले सभी पंचायतों में मनाया गया राष्ट्रीय पंचायत दिवस पंचायत दिवस पर ली गई शपथ

सीहोर( निप्र) । जिले में आज राष्ट्रीय पंचायत दिवस मनाया गया। जिले की सभी ग्राम पंचायतों में इस अवसर पर कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को ईमानदारी और निष्ठा से निभाने की शपथ ली गई। रविवार को जिले की सभी पंचायतों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पंचायती राज पर लाइव संबोधन सुना। मुख्य समारोह बिहार के मधुबनी जिले में झंझारपुर ब्लॉक के लोहना उत्तर ग्राम पंचायत से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने संबोधित किया।पंचायती राज मंत्रालय द्वारा प्रतिवर्ष 24 अप्रैल को मनाया जाने वाला पंचायती राज दिवस, वर्ष 1993 में लागू हुए संविधान के 73वें संशोधन अधिनियम, 1992 के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। यह दिन राष्ट्रीय स्थानीय स्वशासन और लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

## सीहोर बाइज ने सीहोर गर्ल्स को 3-2 से हराया

### विनायक ने किए 2 गोल, आज सीहोर चिल्ड्रन और ब्लू के मध्य मुकाबला



सीहोर( निप्र)। शहर के चर्च मैदान पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में 85 दिवसीय निशुल्क फुटबाल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें खिलाड़ियों को मंच देने के उद्देश्य से ब्लाक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। गुरुवार को एक मुकाबला खेला गया। इसमें सीहोर बाइज ने सीहोर गर्ल्स को 3-2 से हराया। इस दौरान एसोसिएशन की ओर से मनोज कन्नोजिया आदि सीनियर खिलाड़ी ने खेल की बारीकियों से अवगत किया।

गुरुवार की शाम को खेले गए इस रोमांचक मैच में सीहोर बाइज ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सीहोर गर्ल्स को हराया। इसमें सीहोर बाइज की ओर से विनायक ने 2 गोल और अल्तमश ने 1 गोल किया। वहीं माया ने सीहोर गर्ल्स से दो गोल किए थे। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शुक्रवार की शाम को सीहोर चिल्ड्रन और सीहोर ब्लू के मध्य मैच खेला जाएगा।

### प्रधानमंत्री आवास योजना से कोई भी हितग्राही ना रहे वंचित सभी का सर्वे कराकर दिया जाये आवास योजना का लाभ

सीहोर( निप्र)। गुरूवार, 24 अप्रैल को कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती व नेता प्रतिपक्ष पार्षद विवेक राठौर के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षद दल द्वारा नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। विवेक राठौर ने ज्ञापन का वाचन करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत 2.0 के आवेदन जो ऑनलाइन मांगे गए थे, उनके सर्वे का कार्य प्रारंभ किया गया है। परंतु देखने में आया है कि कुल प्राप्त आवेदनों में से कुछ ही आवेदनों का सर्वे कराया जा रहा है। जिसमें सभी पार्षदों को आधी-अधुरी सुचि दी जा रही है। जबकि विगत 2-3 वर्षों से नगर के कई नागरिक आवास योजना का लाभ हेतु चक्कर काट रहें हैं परन्तु उन्हें योजना की गाईड लाईन का बहाना देकर शेष हितग्राहियों के आवेदनों का सर्वे नहीं कराया जा रहा है, जो न्यायोचित नही है। मांग की गई है कि सभी ऑनलाईन हितग्राहियों का सर्वे आवश्यक रूप से कराया जाए। ताकि सभी पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ मिल सके। केवल कुछ लोगों का सर्वे करा कर शेष हितग्राहियों वंचित रखा जाना नियम विरूद्ध है, यदि समय रहते शासन/प्रशासन द्वारा इस संदर्भ में शीघ्र कोई निर्णय नहीं लिया गया और सभी पात्रहितग्राहियों को आवास योजना का लाभ नही दिलाया गया तो कांग्रेस पार्टी जनहित में वंचित हितग्राहियों के साथ आंदोलन करने पर बाध्य होगी।

## प्रधानमंत्री ने किया पाकिस्तान पर कड़ा प्रहार,सिंधु समझौता तोडने से पानी को तरसेगा पाक- विधायक राय

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक सुदेश राय के नेतृत्व में विरोध रैली निकाल कर जलाया आंतकवादी देश पाकिस्तान का पुतला




सीहोर( निप्र) । पहलगाम में हुए घटनाक्रम से आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक सुदेश राय के नेतृत्व में अटल बिहारी वाजपेयी चौराहा से कोतवाली चोराहा तक आतंकवाद के खिलाफ विरोध रैली निकाल कर पाकिस्तान का पुतला जलाया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतंकवादी हमले में शहीद हुए 26 नागरिकों को श्रद्धांजली देकर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाकर आक्रोश प्रकट किया।भाजपा कार्यकर्ताओं और विरोध रैली में शामिल नागरिकों को संबोधित करते हुए बुधवार रात विधायक सुदेश राय ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान पर कड़ा प्रहार करते हुए सिंधु नदी जल समझौता तोड़ दिया है जिससे पाकिस्स्तान अब पानी को तरस जाएगा और हिन्दूस्तान आने वाले पाकिस्तानियों को वीसा भी नहीं मिलेगा। सरकार ने अटारी वाघा बार्डर भी बंद कर दिया है भारत में रहने वाले पाकिस्तानियों को भी बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। विधायक राय ने कहा की केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान पर सख्त सेना के द्वारा कड़ा एक् शन लेने के संकेत भी दिए है। हम हिन्दुस्तानियों की हत्या का बदला पाकिस्तान से लेकर रहेंगे। सेना जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में कार्रवाही को अंजाम दे रही है।प्रदर्शन में वरिष्ठ भाजपा नेता सीताराम यादव, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर, गौरव सन्नी महाजन, राजकुमार गुप्ता, रिंकू जायसवाल,भाजपा नगर मंडल के अध्यक्ष सुदीप प्रजापति सहित भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता भाजपा पार्षद और नागरिक बड़ी संख्या में शामिल रहे।

## सीहोर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की व्यवस्था को सुचारू बनाये रखने के लिए पीएचई विभाग सक्रिय

### जिले में विगत एक माह में 899 हैण्डपम्पों का सुधार कार्य पूर्ण कराया गया



सीहोर( निप्र) । विगत एक माह में सीहोर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा प्रकार कुल 899 हैण्डपम्पों का सुधार कार्य पूर्ण कराया गया है एवं 269 हैण्डपम्पों में 538 राइजर पाइपों को बढाये जाने का कार्य किया गया है। सीहोर विकासखण्ड में 175 हैण्डपम्प, इछावर विकासखण्ड में 149 हैण्डपम्प, आष्टा विकासखण्ड में 225 हैण्डपम्प, बुदनी विकासखण्ड में 195 हैण्डपम्प एवं भैरूंदा विकासखण्ड में 155 हैण्डपम्प राइजर पाइपों बढ़ाने और सुधार कार्य किया गया है।लोक स्वास्थ्य विभाग के कार्यपालन यंत्री प्रदीप सक्सेना ने जानकारी दी कि इसके अतिरिक्त जिन हैण्डपम्पों का जल स्तर अत्यधिक नीचे जा चुका है, उन हैण्डपम्पों के नलकूपों में सिंगलफेस मोटर पम्प स्थापना का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत विकासखण्ड सीहोर में 13 नग विकासखण्ड इछावर में 06 नग, विकासखण्ड आष्टा में 07 नग, विकासखण्ड बुदनी में 03 नग इस प्रकार कुल 29 नग सिंगलफेस मोटर पम्प स्थापित कर पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ की गई है। जिले की जिन बसाहटों में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो रही है, उनमें नवीन नलकूप खनन कर हैण्डपम्प स्थापना का कार्य किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत विगत 01 माह में विकासखण्ड सीहोर में 20 इछावर में 01, एवं आष्टा में 04, कुल 25 नग नवीन हैण्डपम्प स्थापना का कार्य पूर्व किया जा चुका है। जिन ग्रामों की नलजल प्रदाय योजनाओं के स्त्रोत की जल आवक क्षमता समाप्त होने के कारण बन्द हो चुकी थी, उन योजनाओं में विगत 01 माह में विकासखण्ड सीहोर में 08 नग (ग्राम हैदरगंज, सिकन्दरगंज, सतोरनिया, तोरनिया, कसारखेडी, सरखेडा, छापरी दोराहा, एवं झागरिया) विकासखण्ड इछावर में 01 (ग्राम मोहनपुर नोआबाद) एवं आष्टा में 01 (ग्राम अरनियाराम) में नलकूप खनन कर स्त्रोत निर्माण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाये रखने हेतु निरन्तर प्रयास किये जा रहे है, साथ ही विकासखण्ड स्तर एवं जिला स्तर पर शिकायत केन्द्र बनाये गये है।

## शांति कुंज हरिद्वारा विश्व भारतीय गायत्री परिवार के तत्वाधान में विश्व शांति 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ

### 15 एकड़ में जा रहा यज्ञ शाला का निर्माण, 27 अप्रैल से हजारों की संख्या में शामिल होंगे



सीहोर( निप्र)। शहर के इतिहास में पहली बार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वाधान में शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित रोड माधव आश्रम के पास में आगामी 27 अप्रैल से 30 अप्रैल तक होने वाले 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए करीब 15 एकड़ क्षेत्र में भव्य यज्ञ शाला का निर्माण किया गया है। 108 वेदी का निर्माण किया गया है। गुरुवार को गायत्री परिवार के द्वारा यहां पर टेंट आदि के अलावा यहां पर आने वाले हजारों श्रद्धालुओं के प्रसादी, पेयजल, ठहराने आदि की व्यवस्था की जा रही है। आयोजन समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि 30 अप्रैल तक होने वाले यज्ञ का उद्देश्य विश्व शांति, पर्यावरण शुद्धि, राष्ट्र जागरण, मनुष्य में देवत्व का उदय करना है। गायत्री परिवार के पदाधिकारियों ने बताया कि गुरुवार को यज्ञ शाला पर भव्य आयोजन की तैयारियों को लेकर परिवार के जोन प्रभारी भोपाल से आरपी हजारी, समाजसेवी श्रीमती अरुणा राय, जिला संयोजक श्रीमती रमिला परमार सहित अन्य मौजूद थे। बैठक के दौरान आगामी दिनों में होने वाले महायज्ञ के बारे में चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि अखिल विश्व गायत्री परिवार के केन्द्र शान्तिकुंज हरिद्वार द्वारा अखण्डदीप एवं शक्तिस्वरूपा माताजी की जन्मशताब्दी वर्ष 2026 के निमित्त जनजागरण एवं राष्ट्र को सशक्त तथा फिर से जगद्गुरू बनाने हेतु अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर यज्ञों की श्रृंखला चलाई जा रही है। इसी श्रृंखला में नगर सीहोर में आदरणीया शैफली पंड्या दीदी शांतिकुजं हरिद्वार की विशेष उपस्थिती में 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ आयोजित होने जा रहा है।

2500 कलशधारी बहनों एवं 1100 कन्याओं की सहभागिता से 108 कुंडी यज्ञ की कलश यात्रा निकल जाएगी। शांतिकुंज हरिद्वार की शेफाली दीदी ब्रह्म वादिनी बहनों द्वारा महायज्ञ संपन्न कराया जाएग। गायत्री परिवार के द्वारा 27 अप्रैल दिन रविवार को दोपहर 3 से गायत्री शक्तिपीठ से अद्भुत घोड़े बागी झांकियां आदिवासी नृत्य करती हुई बालिकाओं के साथ कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्ग से कलश यात्रा निकाली जाएगी।

विशेष सामाजिक एवं सांस्कृतिक पहल के अंतर्गत 500 जोड़ी वस्त्रों का निशुल्क वितरण किया जा रहा है। महायज्ञ के पूर्णाहित दिवस पर 500 वृक्षों का वितरण भी किया जाएगा। गायत्री शक्तिपीठ ने अभिभावकों एवं बालिकाओं से आयोजन में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया गया है।

## होटल पर खाना बनाने वाला इरशाद गिरफ्तार, बांग्लादेश का रोहिंग्या घुसपैठिया होने का शक

### अल्हादाखेडी के सरपंच सचिव ने कोतवाली पुलिस को दिया शंका व्यक्त करते हुए शिकायती पत्र

सीहोर( निप्र) । कोतवाली थाना पुलिस ने विश्वहिन्दू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की सूचना के बाद बग्लादेशी रोहिंग्या घुसपैठिया होने की शंका पर गुरूवार को लीसा टाकिज स्थित श्रीजी होटल पर खाना बनाने वाले कर्मचारी को गिरफतार किया है। इस मामले में अल्हादाखेडी ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव के द्वारा भी पुलिस को शिकायती पत्र देकर जांच किए जाने की मांग की गई है। फिलहाल पूरे मामले में कोतवाली थाना पुलिस के द्वारा गिरफतार शख्स के दस्तावेजों की जांच की जा रही है। विश्वहिन्दू परिषद बजरंग दल पूर्व जिलाध्यक्ष जगदीश कुशवाह ने बताया कि ग्राम पंचायत अल्हादाखेडी के ग्राम सारंगाखेड़ी लोटिया फार्म क्षेत्र में रहने वाले इस शख्स की गतिविधियों ग्रामीणों और विहिप कार्यकर्ताओं को संदिग्ध लग रही थी जिस के बाद ग्राम पंचायत से इस बायडाटा निकल वाया गया जिस में सामने आया की यह पांच साल पहले हीं यह आया है। ग्राम पंचायत अल्हादाखेडी के सरंपच ने बताया कि पूर्व सरपंच द्वारा लेटर पेड पर निवासरत होने का प्रमाण पत्र जारी किया गया है। इस प्रमाण पत्र के तहत हीं आधार में पते का संशोधन कराया है और आधार पर समग्र आई.डी. कं लिए भी आवेदन किया गया है। इधर पुलिस के द्वारा की गई पूछताछ में शंका के आधार पर गिरफतार शख्स ने अपना नाम था मोहम्मद इरसाद आ. मो. सिराज बताया है आधार कार्ड में के नाम कुछ विभिन्नता है। अल्हादाखेडी ग्राम पंचायत ने मोहम्मद इरसाद आ. मो. सिराज के बग्लादेशी रोहिंग्या घुसपैठिया पाए जाने पर पुलिस प्रशासन पर सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग है।

## मवेशियों के पीने के पानी के लिए गेट खोले जाएंगे

सीहोर(निप्र) । मवेशियों के पीने के पानी के लिए 25 अप्रैल 2025 को प्रातः 08 बजे को कोलार परियोजना के अन्तर्गत झोलियापुर बैराज के गेट खोले जाएंगे। आमजन को कोलार नदी में आवागमन एवं निस्तार संबंधी गतिविधि नहीं करने की अपील की गई है।

## मातृ मृत्यु दर कम करने के लिए बैठक का आयोजन

सीहोर( निप्र) । जिले में मातृ मृत्यु दर को कम करने/रोकने के लिये विकासखण्ड इछावर, श्यामपुर, बुधनी, के सेक्टर चिकित्सा अधिकारी बीसीएम, सीएचओ. एएनएम, आशा कार्यकर्ता को डीएचओ डॉ. रश्मि पटेल, द्वारा जिला प्रशिक्षण कक्ष में समस्त बिन्दुओ पर चर्चा की गई ओर कुशलता बढाने के तरीके बताये गये एवं आगे बताया गया की समस्त गर्भवती महिलाओं का चाहे वह (प्रथम पारा हो चाहे मल्टी पारा कि जॉच ओर सेवाये सूक्ष्मता से की जाये उनको शासन के निर्धारित मापदंड अनुसार सेवाये दी जाये जिनमे समय पर टीके आयरन की गोली बच्चे के विकास की स्थिति, पोषण, खून की कमी इत्यादि) किसी भी तरह की असमान्य स्थिति में उसे हाई रिस्क में चिन्हांकित की जाये एवं डाक्टर की निगरानी में जॉच कराने के लिये 108 का उपयोग करे एवं प्रतिमाह की 09 एवं 25 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजनान्तगर्त दी जाने वाली सेवाओं का लाभ दिया जाये एवं आवश्यकता पडने पर जिला स्तर पर ग्यनाक्लोजिस्ट की निगरानी / जॉच हेतु रेफर किया जाये। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया बताया कि सभी कार्यकर्ताओं को जमीनी ओर जिला स्तर को सख्त निर्देश दिये गये कि गर्भवती स्त्री की जॉच,सेवाओं, हाईरिस्क का समय पर चिन्हांकन ओर दी जाने वाली सतर्क सेवओं में किसी भी तरह की कोताही बर्दाशत नहीं कि जावेगी जिसके लिये व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय की जावेगी ।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा 09 वैशाली नगर ग्राम शेरपुर शंकर मंदिर के पास सीहोर म.प्र. से प्रकाशित।
ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com